* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 321

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नयी दिल्ली में दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन का हुआ आगाज



# जी-20: भारत को मिली बड़ी कामयाबी घोषणा पत्र पर सभी सदस्य देश सहमत



- नयी दिल्ली घोषणा पत्र को मिली मंजूरी
- नौ बार आतंकवाद, चार बार यूक्रेन का जिक्र
- भारत के प्रस्ताव पर अफ्रीकन यूनियन जी 20 का स्थायी सदस्य बना

### घोषणा पत्र की मुख्य बातें

- सभी देश समावेशी विकास लक्ष्य पर काम करेंगे। भारत की पहल पर वन फ्यूचर एलायंस बनाया जायेगा।
- सभी देशों को यूएन चार्टर के नियमों के मुताबिक काम करना चाहिए।
- बायो फ्यूल एलायंस बनाया जायेगा। इसके संस्थापक भारत, अमेरिका और ब्राजील होंगे।
- एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर जोर दिया जायेगा।
- बहुआयामी विकास बैंकों को मजबूती दी जायेगी। उन्हें बेहतर, बड़ा और ज्यादा कारगर बनाया जायेगा।
- ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर दिया जायेगा।
- क्रिप्टोकरेंसी को लेकर एक वैश्विक बनाने को लेकर बातचीत की जायेगी।
- कर्ज को लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर भारत ने कॉमन फ्रेमवर्क बनवाने की बात पर जोर दिया है।
- दुनिया में तेजी से विकास करने वाले शहरों को फंड किया जायेगा।
- ग्रीन और लॉ कार्बन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर काम किया जायेगा।
- सभी देशों ने आतंकवाद के हर रूप की आलोचना की है। आतंकवाद का नौ बार जिक्र किया गया।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली में जारी जी-20 समिट के पहले दिन शनिवार को ही साझा घोषणा पत्र पर सहमति बन गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दूसरे सत्र की शुरुआत में बतौर अध्यक्ष यह जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने सभी सदस्य देशों की सहमति से नयी दिल्ली घोषणा पत्र पारित कर दिया। जी-20 का साझा घोषणा पत्र 37 पेज का है। इसमें कुल 83 पैराग्राफ हैं। इसे ही नयी दिल्ली घोषणा पत्र कहा गया है। घोषणा पत्र पास होने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सभी देशों ने नयी दिल्ली घोषणा पत्र को मंजूर किया है। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं ने माना है कि जी-20 राजनीतिक मुद्दों पर विचार करने का प्लेटफॉर्म नहीं है। सभी ने अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों को चर्चा की है।

**भारत के प्रस्ताव पर अफ्रीकन यूनियन को जी 20 की स्थायी सदस्यता :** शिखर बैठक के पहले सत्र में भारत ने अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थायी बनाने का प्रस्ताव रखा था। बतौर अध्यक्ष सभी देशों की सहमति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही इसे पारित किया, अफ्रीकन यूनियन के प्रमुख अजाली असोमानी जाकर पीएम मोदी के गले लग गये। भारत के प्रस्ताव का चीन और यूरोपियन यूनियन ने भी समर्थन किया। यूनियन को सदस्यता मिलने से अफ्रीका के 55 देशों को फायदा होगा।

## दुनिया में भरोसे का संकट पैदा हुआ: मोदी




### प्रधानमंत्री के भाषण की अहम बातें

- ऐतिहासिक समझौता किया गया। भारत ने कनेक्टिविटी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। हम इसे क्षेत्रीय सीमाओं में नहीं बांधते हैं।
- कनेक्टिविटी सभी देशों में विश्वास बढ़ाने का स्रोत है। इसमें सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय एकता का सम्मान होना जरूरी है।
- कनेक्टिविटी को बढ़ाना भारत की प्राथमिकता है। भारत में आधारभूत संरचनाओं में निवेश हो रहा है।
- हम आने वाली पीढ़ियों के विकास के बीज बो रहे हैं। मैं इस मौके पर सभी का धन्यवाद करता हूं।
- ग्लोबल साउथ के देशों में इंफ्रास्ट्रक्चर गैप पर काम किया जा रहा है। मजबूत कनेक्टिविटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का आधार है।
- भारत-मध्य पूर्व यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर शुरू होगा।
- शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री अलग-अलग विश्व नेताओं से मिले और उनके साथ फोटो सेशन कराया।

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में मोरक्को भूकंप में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में हम मोरक्को के लोगों के साथ हैं और उनकी हरसंभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद विश्व में विश्वास का संकट पैदा हो गया है। युद्ध ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। जब हम कोरोना को हरा सकते हैं, तो आपसी चर्चा से विश्वास के इस संकट को भी दूर सकते हैं। ये सभी के साथ मिल कर चलने का समय है। मोदी ने कहा कि संकट के इस समय में दुनिया हमसे नये समाधान मांग रही है। इसलिए हमें अपना हर दायित्व निभाते हुए आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि आज हम जिस जगह इकट्ठा हुए हैं, यहां कुछ किमी दूर ढाई हजार साल पुराना स्तंभ है। इस पर प्राकृत भाषा में लिखा है कि मानवता का कल्याण सदैव सुनिश्चित किया जाये। ढाई हजार साल पहले भारत की धरती ने यह संदेश पूरी दुनिया को दिया था। 21वीं सदी का यह समय पूरी दुनिया को नयी दिशा देनेवाला है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने वैश्विक जैव-इंधन सहयोग (ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस) की शुरुआत की। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित ब्राजील, अर्जेंटीना और इटली के राष्ट्राध्यक्ष भी मौजूद रहे। इसके बाद पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के लिए कनेक्टिविटी को बढ़ाना प्राथमिकता है।

## हम एक कुटुंब हैं और हमारा एक भविष्य है : एस जयशंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि जी-20 की हमारी अध्यक्षता का संदेश है कि हम एक पृथ्वी हैं, एक कुटुंब हैं, हम एक भविष्य साझा करते हैं। जी-20 घोषणा-पत्र मजबूत सतत समावेशी विकास पर केंद्रित है। इसमें सतत हरित मार्ग की परिकल्पना की गयी है। जी-20 ने भारत को विश्व के लिए तैयार और विश्व को भारत के लिए तैयार करने में योगदान दिया है। जी-20 घोषणापत्र में परिवर्तन, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने के साथ प्रौद्योगिकी की समावेशी भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। जी-20 मानता है कि महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इसके पहले की विश्व व्यवस्था से अलग होनी चाहिए। नेताओं ने बहुपक्षवाद को फिर से मजबूत करने पर जोर दिया। जयशंकर ने कहा कि जी-20 नेताओं ने यूक्रेन में युद्ध और विशेषकर विकासशील और सबसे कम विकासशील देशों पर इसके प्रभाव पर चर्चा की। सम्मेलन में तीन एफ- फूड, फ्यूल और फर्टिलाइजर (भोजन, इंधन और उर्वरक) विशेष चिंता के मुद्दे थे। आतंकवाद का मुकाबला, धनशोधन पर भी चर्चा हुई। जी-20 नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों, अभिव्यक्तियों की निंदा की। सभी नेताओं ने माना कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा के लिए अधिक गंभीर खतरों में से एक है।

### प्रत्येक सदस्य के साथ मेल खाते समाधान तैयार हुए : निर्मला सीतारमण

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता ने ऐसे समाधान तैयार किये हैं, जो प्रत्येक सदस्य के लिए साझा राह प्रस्तुत करते हैं। बड़े, बेहतर तथा अधिक प्रभावी बहुपक्षीय विकास बैंकों के लिए जी-20 में समझौता हुआ है। क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर स्पष्ट नीतियों के लिए वैश्विक प्रयास में तेजी आयी है।

**जी-20 से संबंधित खबरें पेज 03 और 12 पर भी देखें**







## दुनिया ने देखा भारतीय अतिथि सत्कार का अंदाज

- कोणार्क चक्र, योग मुद्राओं से लेकर नटराज मूर्ति तक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन का नयी दिल्ली में शनिवार को आगाज हो गया। जी-20 समूह में शामिल देशों के राष्ट्राध्यक्ष, यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि और नौ मेहमान देशों के प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आये हैं। इसके अलावा कई वैश्विक संगठनों के प्रमुख भी इसमें शिरकत कर रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में हो रहा है। जहां मेहमान इकट्ठा हुए हैं, वहां भारत और इसके इतिहास का बोध कराने के लिए कई प्रतीकों को भी लगाया गया है।

शनिवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के नेताओं का स्वागत कर रहे थे, उस वक्त नटराज प्रतिमा, योग मुद्राओं से लेकर कोणार्क चक्र तक के दीदार इन नेताओं को हो रहे थे। कोणार्क चक्र के सामने ही खड़े प्रधानमंत्री मोदी इन नेताओं से मिल रहे थे।

मेहमानों को भारत मंडप के अंदर एक शानदार गलियारे से गुजरकर आयोजन स्थल पहुंचना था। मेहमान राष्ट्रीय झंडों के बीच लाल कालीन पर चले और दीवारों पर अंकित विभिन्न योग मुद्राओं को देखा। दीवार पर 32 अनिवार्य योग आसन प्रदर्शित थे, जो कि घेरंड संहिता के 17वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के पाठ से लिये गये थे। वहीं, योग मुद्राओं की दीवार के बगल से गुजरने के बाद सभी मेहमान नटराज की प्रतिमा के बगल से गुजरे। नटराज की यह प्रतिमा अष्टधातु से बनायी गयी है। नटराज को भगवान शिव का रूप माना जाता है। नटराज की मूर्ति के बाद सभी देशों और संगठनों के ध्वज लगे थे। यहां से गुजरते ही भव्य कोणार्क चक्र की प्रतिकृति के पास सभी नेता पहुंच रहे थे। वहां पहले से खड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन नेताओं का स्वागत कर रहे थे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के साथ इन वैश्विक नेताओं की तस्वीर खींची जा रही थी। कोणार्क चक्र 13वीं शताब्दी की कलाकृति है। कोणार्क का सूर्य मंदिर अपनी पत्थर की मूर्तियों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel



# अपनी 'मुहब्बत की दुकान' पर राहुल बेच रहे 'नफरत का सामान'

## ■ पहले सेना की वीरता पर, और अब भारतीय व्यवस्था के खिलाफ उगल रहे जहर

## ■ जी-20 सम्मेलन के जरिये दुनिया कर रही भारत की जय-जय, तो कांग्रेस के युवराज एक बार फिर विदेश जाकर उठा रहे भारतीय व्यवस्था पर सवाल

**यह कितनी बड़ी विडंबना है कि एक तरफ पूरी दुनिया जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर भारत की जय-जय कर रही है, तो दूसरी तरफ इस देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी, कांग्रेस का एक शीर्षस्थ नेता विदेश जाकर अपने इस महान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है। जी हां, हम बात कर रहे हैं कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी की, जो इन दिनों बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में यूरोपियन यूनियन के सांसदों से मिल रहे हैं और जहां-तहां भाषण दे रहे हैं। अपने पहले ही कार्यक्रम में राहुल ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की सर्वोच्चता पर सवाल उठाया। जिस समय राहुल यह जहर उगल रहे हैं, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में व्यस्त है और दुनिया भर में उसकी बौद्धिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उपलब्धियों का डंका बज रहा है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी का भारत विरोधी स्टैंड सामने आया है। इससे पहले उन्होंने अमेरिका और ब्रिटेन में अपने भारत विरोधी स्टैंड का परिचय दिया था और फिर करीब एक पखवाड़ा पहले उन्होंने भारतीय सेना के पराक्रम पर भी सवाल उठाया था। कांग्रेस के 'युवराज' ने आरोप लगाया था कि चीन भारत की सीमा पर युद्ध की तैयारी कर रहा है और भारत सरकार सोयी हुई है और खतरे को नजरअंदाज करने की कोशिश कर रही है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद समाज के विभिन्न वर्गों से मिलने-जुलने और दूसरे लोकप्रिय हथकंडे अपना कर खुद को 'पीएम मैटेरियल' साबित करने की कोशिश में जुटे राहुल गांधी यह नहीं समझ रहे हैं कि भारत के लोग चाहे राजनीतिक रूप से कितने भी विभाजित क्यों न हों, सेना के पराक्रम और भारत की शान को लेकर किसी सवाल को बर्दाश्त नहीं कर सकते। राहुल गांधी ने इस तरह का स्टैंड लेकर कांग्रेस को ऐसे दलदल में धकेल दिया है, जिससे बाहर निकल पाना उसके लिए आसान नहीं होगा। कुछ समय के लिए भले ही राहुल को समर्थन हासिल हो जाये, लेकिन दीर्घ अवधि के लिए उनका स्टैंड पूरी पार्टी के लिए हितकर नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड ऐसा ही है। राहुल गांधी के इसी स्टैंड का सियासी विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

**दुनिया** भर के दिग्गज नेता जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस समय भारत में हैं, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों का यह देश मेजबान है। शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने विश्व बंधुत्व की जिस भारतीय भावना का उद्घोष किया, उससे पूरी दुनिया की जुबान पर भारत का नाम स्पष्ट दिख रहा है। इस वक्त पूरी दुनिया की नजर भारत पर है। ऐसे समय में भी कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी देश की राजधानी से हजारों मील दूर बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भारत को कोसने से बाज नहीं आ रहे हैं। दरअसल राहुल गांधी यूरोप दौरे पर हैं। अमेरिका और ब्रिटेन के बाद अब उनकी 'नफरती पकवान' वाली 'मोहब्बत की दुकान' बेल्जियम पहुंच गयी है, जहां उन्होंने एक बार फिर भारत विरोधी बयानबाजी शुरू कर दी है। कांग्रेस के शीर्षस्थ नेता राहुल गांधी ने बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में कहा कि भारत में बड़े पैमाने पर लोकतांत्रिक संस्थानों पर हमला हो रहा है। देश के संविधान को बदलने की कोशिश हो रही है। अल्पसंख्यकों और दलितों पर हमले हो रहे हैं। सरकार दहशत में है और पीएम मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं।

राहुल गांधी के इस बयान को देखें, तो वह भारत में लोकतंत्र, अल्पसंख्यक और दलित, वंचित वर्ग पर हो रहे हमलों का राग अलाप रहे हैं। सवाल यह है कि 'मोहब्बत की दुकान' का शिगूफा छोड़नेवाला कोई व्यक्ति यदि अपने भाषण में सिर्फ हमलों और दहशत की बात करेगा, तो क्या उसकी दुकान सच में मोहब्बत की है, या फिर नफरत की?



राहुल गांधी कहते हैं कि लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। संविधान बदला जा रहा है। फिर यह भी कहते हैं कि सरकार दहशत में है। अगर सरकार दहशत में है, तो फिर वह किसी भी तरह का हमला कैसे कर सकती है? सवाल यह भी है कि कहीं ये हमले चीन परस्त विपक्ष तो नहीं कर रहा है, क्योंकि राहुल ने ब्रसेल्स में भी शी जिनपिंग के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआइ) की तारीफ कर चीन की 'बटरिंग' करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

राहुल गांधी आज देश में अल्पसंख्यक और दलितों पर हो रहे हमलों की बात कर रहे हैं, लेकिन शायद उन्हें यह याद नहीं कि उनकी पार्टी ने इस देश में सबसे लंबे समय तक राज किया है। उनके सिपहसलारों की लंबी फौज और 'गुरु' सैम पित्रोदा भी उन्हें यह नहीं बताते कि देश में सबसे अधिक दंगे और दलितों पर अत्याचार उनकी पार्टी की सरकार में ही हुए हैं। देश में अल्पसंख्यकों पर हमले का सबसे बड़ा उदाहरण 1984 के सिख दंगे हैं। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए ये वही दंगे हैं, जिनमें राजधानी दिल्ली समेत देश भर के कई हिस्सों में कांग्रेस नेताओं की अगुवाई में सिखों का कत्लेआम हुआ था। इन्हीं दंगों को लेकर राहुल गांधी के पिता और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है, तो धरती हिलती है। कांग्रेस सरकार में दलितों के नरसंहार की पूरी लिस्ट है। इस दौरान कांग्रेस कभी राज्य में, तो कभी केंद्र में सत्ता में रही। कई राज्य तो ऐसे भी थे, जहां केंद्र के साथ-साथ वहां भी कांग्रेस की सरकार थी। तमिलनाडु का कीजवेनमनी, आंध्र प्रदेश का करमचेडु, गुजरात का गोलाना, कर्नाटक का कंबलपल्ली, महाराष्ट्र का खेरलानजी, ओड़िशा का लाथोर नरसंहार समेत कांग्रेस शासन के दौरान देश के अनेक हिस्सों में दलितों के खिलाफ हुई हिंसा के बड़े उदाहरण हैं। इन तमाम नरसंहारों पर न तो कभी राहुल गांधी की जुबान खुलती है और न ही आज तक किसी कांग्रेस नेता ने एक शब्द बोला है।

राहुल गांधी दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र भारत के खिलाफ लगातार विदेशी धरती पर बदजुबानी करते आ रहे हैं। कांग्रेस की खोयी हुई सियासी जमीन को फिर से पाने के लिए भले ही राहुल गांधी कोई भी चाल चलें और पीएम मोदी-भाजपा पर हमला बोलें, लेकिन सच्चाई यह है कि कांग्रेस के सत्ता में रहते हुए अल्पसंख्यकों और दलितों पर जैसा अत्याचार हुआ, वैसा फिर कभी नहीं हुआ।

वैसे राहुल का यह भारत विरोधी नजरिया नया नहीं है। इससे पहले अपने अमेरिका और ब्रिटेन दौरे के दौरान वह भारतीय व्यवस्था और मोदी सरकार के खिलाफ विष वमन कर चुके हैं। अभी हाल ही में उन्होंने भारतीय सेना की वीरता पर सवाल उठाये थे। अपनी लेह-लद्दाख के बहुप्रचारित दौरे के अंत में उन्होंने खुलेआम भारत को कमजोर और भारतीय सेना को डरपोक बता दिया।

बहरहाल, बात यह है कि राहुल गांधी कांग्रेस के युवराज हैं। देश के खिलाफ बयानबाजी करना, घोटाले पर घोटाले करना और दूसरे देशों के हित की सोचना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। राहुल गांधी यह सब ऐसे समय में बोल रहे हैं, जब देश जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भारत की तारीफ कर रहे हैं। विश्व बैंक खुल कर कह रहा है कि भारत ने 50 साल का काम छह साल में कर दिया है। सीधे शब्दों में कहें, तो पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक शक्ति बन कर उभर रहा है। यही कांग्रेस के पूर्व राहुल गांधी की आंख की किरकिरी बन रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी को तेजी से मजबूत होती भारत की अर्थव्यवस्था, देश के विकास और भारत का लोहा मान रही दुनिया से दिक्कत हो रही है या फिर कारण कुछ और ही है? उन्हें इस बात का इल्म तक नहीं है कि उनका यह स्टैंड उनकी पार्टी की बची-खुची साख को भी खत्म कर देगा।

---

# बांका में झारखंड पुलिस के जवान की आंख फोड़ी

## शराब माफिया ने बेटे संग मिल किया हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**बांका।** बांका में शराब माफियाओं ने झारखंड पुलिस बल के एक जवान पर हमला कर दिया। शराब माफियाओं ने पहले लाठी-डंडे से पीट-पीट कर जवान को घायल कर दिया। फिर नुकीले सरिये से उसकी आंख फोड़ दी। घटना के बाद घायल जवान को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया था। यहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक इलाज कर भागलपुर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि भागलपुर और पटना से भी उसे चेन्नई रेफर कर दिया गया है। घायल जवान झारखंड के रांची में पोस्टेड है।

इधर, जवान की पत्नी का कहना है कि कुछ शराब माफियाओं ने उनके पति पर हमला कर दिया है। पत्नी ने बताया कि शराब माफियाओं का कहना है कि उनके काम में मेरे पति रोड़ा डालते थे। इसी वजह से उन लोगों ने घटना को अंजाम दिया।

### लाठी-डंडे से हमला कर फोड़ी आंख

घटना शुक्रवार की रात की है। घायल जवान लाखपति सिंह (40) की पत्नी ने थाने पहुंच कर शराब माफियाओं के खिलाफ केस दर्ज कराया है। घायल जवान की स्थिति काफी गंभीर बतायी जा रही है। दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर जान से मारने की मकसद से लाखपति सिंह की एक आंख फोड़ दी है, जबकि शरीर के कई अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें हैं। घायल जवान बांका के अमरपुर के महागामा गांव की है। घटना के दौरान घर में सिर्फ पति-पत्नी मौजूद थे। घटना के संबंध में पत्नी रीमा कुमारी ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें उन्होंने कहा है कि उनके पति झारखंड सशस्त्र पुलिस में नौकरी करते हैं। कुछ दिनों के लिए वह घर आये थे। शुक्रवार की रात रीमा अपने पति के साथ घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के ही मिथिलेश शर्मा और उसका बेटा रोहित कुमार और छोटू कुमार द्वारा हमला कर दिया गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल की पत्नी ने बताया कि

**बेटा चढ़ गया सीने पर और पिता से आंख में सरिया घुसेड़ने को कहा**

मिथिलेश शर्मा ने अपने दोनों बेटों को कहा कि लाखपति उनके धंधे में रोड़ा अटकाता है। इसे जान से मार दो। तब छोटू कुमार उनके पति के सीने पर चढ़ गया और अपने पिता से उनकी आंख निकालने को कहा। मिथिलेश शर्मा ने अपने हाथ में लिए नुकीले रॉड से उनकी दाहिनी आंख में घोंप दिया। यह देख रीमा जोर-जोर से चिल्लाने लगी। तब पड़ोस के लोग आये। लोगों को आता देख तीनों वहां से फरार हो गये।

### चेन्नई में इलाज कराने गया जवान

शुक्रवार की रात घायल जवान को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया था। यहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि भागलपुर और पटना से भी उसे चेन्नई रेफर कर दिया गया। घायल जवान को लेकर उसकी पत्नी चेन्नई के लिए रवाना हो गयी है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि आवेदन अनुसार पुलिस जांच पड़ताल कर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

---

# राज्य सरकार की टीम मनरेगा-पीएम आवास योजनाओं की जांच करने जायेगी पलामू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार की एक टीम मनरेगा, पीएम आवास योजना ग्रामीण, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित अन्य ग्रामीण विकास की योजनाओं की जांच के लिए 11 सितंबर से पलामू जिले का दौरा करेगी। मिल रही गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद सरकार ने वहां अनुसमर्थन दल को भेजने का फैसला लिया है।

विभाग की संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम पलामू जिले का दौरा करेगी। 14 सितंबर तक पलामू जिल के विभिन्न प्रखंड और पंचायतों में मनरेगा योजना का स्थल निरीक्षण करेगी। अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों की प्रगति की भी समीक्षा की जायेगी। ग्रामीण विकास विभाग ने टीम के दौरे को देखते हुए जिले के उपायुक्त और उपविकास आयुक्त को पत्र लिखा है और टीम के दौरे के दौरान अधिकारियों- कर्मियों को उपस्थित रहने को कहा है।

---

# हाइकोर्ट ने एनसीबी का आठ साल पुराना फर्जी केस किया निरस्त, याचिकाकर्ता रिहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के रांची में दर्ज एक केस को फर्जी बताते हुए निरस्त करके याचिकाकर्ता को तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। हाइकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में शनिवार को एनसीबी के इस फर्जी केस के मामले में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता मंगा सिंह ने मामले को निरस्त करने का आग्रह करके एक याचिका दायर की थी। कोर्ट के आदेश पर याचिकाकर्ता को जेल से रिहा कर दिया गया है। आठ साल पुराने फर्जी केस में याचिकाकर्ता को जेल में रखने के कारण कोर्ट ने एनसीबी के एडिशनल डायरेक्टर




जनरल को आठ लाख रुपये का मुआवजा याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि एनसीबी के अधिकारियों ने फर्जी तरीके से मंगा सिंह सहित दो के खिलाफ वर्ष 2015 में रांची में प्राथमिकी दर्ज की थी।

---

# सरयू राय ने आइएएस-आइपीएस के स्थानांतरण पर उठाये सवाल

**कहा, नियमों का पालन नहीं किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने आइएएस और आइपीएस की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर सवाल उठाये हैं। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का अपरिपक्व स्थानांतरण सरकार द्वारा किया गया है। वर्ष 2020 में 65, 2021 मे 69 और 2022 में 80 प्रशासनिक पदाधिकारियों का स्थानांतरण राज्य सरकार ने उनके कार्यकाल की निर्धारित न्यूनतम अवधि पूरा होने के पहले किया है और ये स्थानांतरण सिविल सर्विसेज बोर्ड में समीक्षोपरांत किये गये हैं। वहीं कुछ दिन पहले कार्यकाल की निर्धारित अवधि पूरा होने के काफी पहले पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त का स्थानांतरण भी सरकार ने कर दिया था। अब 8 सितंबर को पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक और रांची के



वरीय पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण भी उनके कार्यकाल की न्यूनतम निर्धारित अवधि पूरा होने के पहले कर दिया गया।

### राजनीतिक हस्तक्षेप की आ रही बू

सरकार का यह निर्णय एक केंद्रीय अधिनियम के तहत जारी भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 28.01.2014 और इसके आलोक में झारखंड सरकार द्वारा दिनांक 24.02.2015 को निर्गत अधिसूचना के तहत गठित सिविल सर्विसेज बोर्ड के प्रावधानों का उल्लंघन है तथा जिस भावना से ये अधिसूचनाएं निर्गत की गयी हैं, उस भावना के भी विपरीत है। यहां यह कहना अप्रासंगिक नहीं होगा कि इन दोनों स्थानांतरणों में राजनीतिक हस्तक्षेप की बू आती है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अनुचित और मनमाना राजनीतिक हस्तक्षेप से संरक्षण देना और उन्हें विधि सम्मत दायित्व का निर्वहन करने का अवसर देना ही केंद्र द्वारा प्रासंगिक अधिनियम को पारित करने और उपर्युक्त अधिसूचनाओं को निर्गत करने का उद्देश्य है। अफसोस है कि राज्य सरकार एतद संबंधी दायित्व का पालन करने के प्रति गंभीर नहीं प्रतीत हो रही है। इससे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का मनोबल टूटेगा, वे हतोत्साहित होंगे, जिसका प्रतिकूल प्रभाव जनहित पर होगा। सरयू राय ने सीएम से आग्रह किया है कि हाल में हुए अपरिपक्व स्थानांतरणों को स्थगित करने तथा भविष्य के स्थानांतरणों में सिविल सर्विसेज बोर्ड के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराना चाहेंगे।

---

# सीएम ने इडी से मांगा समय, भेजा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी को जवाब देने के लिए समय मांगा है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने इडी को पत्र भेज कर समय की मांग की है। बताते चलें कि मुख्यमंत्री को जमीन घोटाला मामले में शनिवार को इडी के समक्ष उपस्थित होना था। 01 सितंबर 2022 को इडी ने मुख्यमंत्री को पहला नोटिस भेजा और 3 नवंबर को हाजिर होने को कहा। इसके बाद इडी ने 9 नवंबर को दूसरा नोटिस भेजा और 17 नवंबर को हाजिर होने को कहा। इडी ने 8 अगस्त को नोटिस भेजा था। इसमें 14 अगस्त को इडी कार्यालय में हाजिर होने को कहा था।

www.epaper.azadsipahi.in

10 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 321



जी 20 में शामिल करने के बाद पीएम मोदी से गले मिलते अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष अजाली असौमनी।

## न्यूज रील्स

### मोरक्को में 7.2 तीव्रता का भूकंप, 1,037 की मौत

रबात/माराकेश। अफ्रीकी देश मोरक्को में भूकंप से अब तक 1,037 लोगों की मौत हो चुकी है। 672 लोग जख्मी हुए हैं। मोरक्को जियोलॉजिकल सेंटर ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 7.2 थी। यह शुक्रवार की देर रात आया। हालांकि वर जियोलॉजिकल सर्वे ने इसकी तीव्रता 6.8 बतायी है। साथ ही कहा कि ये इस इलाके में 120 साल में आया सबसे ताकतवर भूकंप है।

### राजद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 12 को सुनवाई

नयी दिल्ली। 152 साल पुराने राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 12 सितंबर को सुनवाई करेगा। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच करेगी। इससे पहले 1 मई को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि राजद्रोह को अपराध बनाने वाली आइपीसी की धारा 124ए की समीक्षा की जा रही है। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी थी।

### आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू गिरफ्तार

नंदयाल। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को स्किल डेवलपमेंट स्कैम में शनिवार सुबह 6 बजे नंदयाल शहर से गिरफ्तार कर लिया गया। आपराधिक जांच विभाग (सीआइडी) ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। मामला लगभग 550 करोड़ रुपए घोटाले से जुड़ा हुआ है।

# मेहमानों को मिला शाकाहारी भोजन

- कश्मीरी कहवा, दार्जिलिंग चाय शामिल
- वेलकम स्टेज के बैकग्राउंड में नालंदा यूनिवर्सिटी की झलक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जी20 समिट के लिए भारत आये विदेशी मेहमानों के सम्मान में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रात्रि भोज का आयोजन किया था। इसके मेन्यू में सभी शाकाहारी डिश शामिल की गयी हैं। मेन्यू में शरद ऋतु की झलक दिखायी गयी है। इसे भारत की परंपरा, रीति-रिवाज और विविधता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। भोजन का मेन्यू वसुधैव कुटुंबकम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना को समर्पित किया गया है। इसमें कश्मीरी कहवा, दार्जिलिंग की चाय, मुंबई पाव, अंजीर-आडू मुरब्बा सहित देशभर की कई मशहूर डिश को शामिल किया गया है।

रात्रि भोजन पर शाम करीब आठ बजे से भारत मंडपम में मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। इनका स्वागत इस बार नालंदा यूनिवर्सिटी के बैकग्राउंड के सामने किया जा रहा है। भोजन में दुनियाभर के राष्ट्राध्यक्षों, डेलीगेट्स, भारत के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय और राज्य मंत्री सहित 170 लोगों को आमंत्रित किया गया था।





शरद ऋतु

पेय पदार्थ
कश्मीरी कहवा, फिल्टर कॉफी और दार्जिलिंग चाय

वैसे तो जी20 में शामिल देशों के सभी बड़े नेताओं की बैठकों का अहम दौर शनिवार की दोपहर को हो गया। इस अहम बैठक के बाद आयोजित रात्रि भोज का महत्व भी कम नहीं है। जानकारों का कहना है कि किसी भी बड़े कार्यक्रम में आयोजित किया जाने वाला भोज पहले से तय किसी कार्यक्रम के घोषित प्रोटोकॉल का हिस्सा तो होता है, लेकिन यहां होने वाली मुलाकातें और बातचीत अमूमन अनौपचारिक ही होती हैं। इसलिए ऐसे भोज अकसर डिप्लोमेसी के लिहाज से बड़े महत्वपूर्ण हो जाते हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जी20 बैठक में दुनिया के वह सभी ताकतवर मुल्क शिरकत कर रहे हैं, जो समूची दुनिया की 80 फीसदी आबादी और तकरीबन इतनी ही ग्लोबल इकॉनमी को कंट्रोल करते हैं। रात्रिभोज में तमाम देशों के कुछ आपसी तौर पर उलझे हुए मुद्दों को सुलझाने के लिए बड़ा प्लेटफार्म भी साबित होते हैं। इसलिए शनिवार की रात भारत मंडपम में आयोजित किया जाने वाला भोजन भी कई मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। रात्रिभोज में नेताओं के बीच में अनौपचारिक बातचीत ही होगी, लेकिन अलग-अलग देशों के बड़े-बड़े नेताओं की शिरकत करने के चलते डिप्लोमेटिक मामलों को सुलझाने के साथ रिश्तों को बनाने और आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

## सीएम हेमंत सोरेन रात्रिभोज में हुए शामिल

**रांची (आजाद सिपाही)।** जी-20 के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा आयोजित रात्रिभोज में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी निमंत्रण था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को दोपहर 11.40 में नयी दिल्ली के लिए रवाना हुए। वह रात में राष्ट्रपति के रात्रिभोज में शामिल हुए।



# जी 20: अकेले पड़ा चीन भी हुआ नरम

- प्रधानमंत्री की कूटनीतिक रणनीति हुई कामयाब





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने अपनी अगुवाई में ग्लोबल साउथ की शानदार कूटनीतिक पारी खेली। 'एक पृथ्वी' को समर्पित सत्र में अफ्रीकी यूनियन को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने को बड़ी सफलता माना जा रहा है। इसे प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण बताया जा रहा है। दिलचस्प है कि इस ग्लोबल साउथ की सोच में पंडित जवाहर लाल नेहरू के दौर के निर्गुट आंदोलन की भी झलक मिलती है।

आठ सितंबर को जी-20 शेरपा अमिताभ कांत के आत्मविश्वास में 09 और 10 सितंबर के सम्मेलन की पूरी झलक दिखाई दे रही थी। 09 सितंबर की सुबह वही हुआ। भारत ने ग्लोबल साउथ को जी-20 में शामिल करके वसुधैव कुटुंबकम के पहले सोपान की तरफ कदम रख दिया। भारत ने संदेश दिया है कि हमें ग्लोबल साउथ को वैश्विक अर्थव्यवस्था के मॉडल में महत्वपूर्ण मानना होगा। 'दुनिया एक परिवार' के सत्र में विश्व के शिखर नेता दूसरे सोपान की तरफ बढ़े।

**चीन ने भी की तारीफ, पड़ा नरम :** जी-20 के तेवर और भारत का रुख देखकर चीन ने बड़ा बदलाव किया है। कुछ हद तक अड़ियल रवैया छोड़कर उसने भारत के कदम की तारीफ की है। सहयोग करने का आश्वासन दिया है। माना जा रहा है कि यह स्थिति भारत के स्पष्ट रुख अपनाने के बाद आ/१ है। अमेरिका ने भी भारत के साथ गहराते रिश्ते का संकेत दिया है। कूटनीति की यह लाइन कहीं न कहीं चीन को बड़ा झटका दे रही है। हालांकि सऊदी अरब जैसे कई देश चीन के करीब आ रहे हैं, लेकिन इसके साथ पूरी दुनिया की जियोपॉलिटिक्स नया संकेत भी दे रही है।

# भारत मंडपम के 77 मिनट से दुनिया को गया यह संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडहोनाम जब छड़ी लेकर पैरों को सहारा देते हुए भारत मंडपम में दाखिल हुए, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे इशारा करते हुए पूछा कि ये क्या हुआ। ट्रेडोस और प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान उनके चेहरे पर आये भाव बता रहे थे कि वह कैसे उनकी चोट को लेकर चिंतित हैं। इसी तरह जब जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने जब भारत मंडपम अपनी दाहिनी आंख पर पट्टी बांधकर एंट्री की, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत मुलाकात में सबसे पहले उनकी आंख की ओर इशारा करते हुए हालचाल लिया। इसी तरह आइएमएफ की चीफ क्रिस्टालिना जॉर्जीवा प्रधानमंत्री से मिलीं, तो उनके बीच चाहे जो भी बातें हुई हों, लेकिन उसके बाद खुलकर लगने वाले ठहाके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बॉडी लैंग्वेज के साथ-साथ हर व्यक्ति से मिलने और उससे बातचीत करने का एक अलग ही अंदाज बयां कर रहे थे।

विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि प्रधानमंत्री ने अपने 77 मिनट के इस स्वागत समारोह में जी-20 में शिरकत करने आये नेताओं से न सिर्फ हाथ जोड़कर अभिवादन किया, बल्कि अपनी बॉडी लैंग्वेज से समूची दुनिया में एक बड़ा संदेश भी

## हजारीबाग के जिला स्कूल मैदान में आयोजित रैली में उमड़ा जनसैलाब

# हेमंत सरकार नीति ऐसी बनाती है, जो न्यायालय में फंस जाये: बाबूलाल मरांडी

- पंचायत और नगर निकाय में पिछड़ों का मारा हक
- भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त झारखंड के लिए भाजपा को समर्थन देने का किया आह्वान

उमेश पांडेय

**हजारीबाग (आजाद सिपाही )।** हजारीबाग जिला स्कूल मैदान में विधानसभा क्षेत्र की विशाल संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, अपराध, लूट और वादाखिलाफी पर कड़ा प्रहार किया। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार की न नीति साफ है और न नीयत। यह सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले पौने चार वर्षों से मुख्यमंत्री झूठा प्रचार कर रहे हैं। यह सरकार स्थानीय नीति और नियोजन नीति के नाम पर युवाओं को सिर्फ बहला रही है। सरकार ऐसी ही नीति बनाती है, जो न्यायालय में जाकर फंस जाये। हेमंत सरकार ने पिछड़े वर्ग को भी धोखा दिया। पंचायत चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण से वंचित किया और अब तक निकाय चुनाव के लिए ट्रिपल टेस्ट का कोई काम शुरू नहीं हुआ। पिछड़ा वर्ग आयोग भी फंक्शन में नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी है। यह सरकार जनता की सेवा के लिए नहीं बनी। कहा कि सरकार का कार्य अपराध, भ्रष्टाचार रोकना है, लेकिन यह सरकार अपराध-भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। अपराधी, भ्रष्टाचारी, दलाल और बिचौलियों को संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में खान, खनिज, कोयला, लोहा, पत्थर, बालू की लूट मची है। झारखंड के लोगों को घरेलू उपयोग के लिए नदी से बालू लेने पर पुलिस पकड़ती है, जबकि दलाल-बिचौलिये बिहार बंगाल, दिल्ली मुंबई तक बालू ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार नाम बदल कर गरीब आदिवासियों की जमीन ले रहा है।





कहा कि जब जांच एजेंसियां कार्रवाई करती है, तो अपराधियों को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में महंगे वकीलों से पैरवी करवायी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं। राज्य में अपराधी बेटियों को पेट्रोल छिड़क कर जला रहे। बेटियों को टुकड़ों में काट रहे। बलात्कार के बाद हत्या कर शव को पेड़ में टांग दे रहे। अपराधी खुलेआम व्यवसायियों को मोबाइल पर धमकी देते हैं। जेल से धमकी देते हैं। यह सरकार के संरक्षण के बिना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई की जगह वसूली में लगी है। आज बिना पैसे दिये मृत्यु प्रमाणपत्र भी नही बनता। राशन कार्ड में नाम नहीं जुड़ता। पदाधिकारी खुलेआम बोलते हैं देकर आये हैं, लेकर जायेंगे। कहा कि यहां पद पोस्ट को मोबाइल की तरह समय-समय पर रिचार्ज कराना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास की चर्चा होती है, जबकि कांग्रेस- झामुमो सरकार में लूट भ्रष्टाचार की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गांव गरीब किसानों के विकास के लिए समर्पित है। झारखंड राज्य भाजपा सरकार की देन है। अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव तक सड़क पहुंचायी। पुल पुलिया का निर्माण कराया। हाइवे बनाया। और आज मोदी सरकार पिछले नौ वर्षों से तीव्र विकास कर रही। कोरोना संकट से देश को उबारा। गरीबों के खाने की चिंता की। जनधन खाता में पैसे भेजे। झारखंड में पांच मेडिकल कॉलेज, देवघर में एम्स, हवाई अड्डा मोदी सरकार की देन है। कहा कि हेमंत सरकार सड़कों की मरम्मत नहीं करवा पा रही। विद्यालयों में शिक्षक नहीं। अस्पताल में डॉक्टर्स नहीं, नर्स नहीं, दवाई नहीं।

कहा कि यह संकल्प यात्रा राज्य से भ्रष्टाचार और हेमंत सरकार को बिदा करने का संकल्प दिलाने के लिए है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, अपराध, दलाल बिचौलिये मुक्त झारखंड के लिए भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प लें। उन्होंने 2024 में तीसरी बार मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने और राज्य में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने अध्यक्षीय और स्वागत भाषण देते हुए हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संकल्प यात्रा में पहुंचे बाबूलाल मरांडी सहित अन्य नेताओं, कार्यकर्ताओं और जनता का स्वागत किया। साथ ही कहा कि झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन की लहर संकल्प यात्रा में बखूबी दिख रही है। बीजेपी के पक्ष में जनता ने मन बना लिया है और आनेवाले चुनाव में इसका परिणाम भी देखने को मिलेगा। जनसभा में मंच संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला महामंत्री विवेकानंद सिंह ने किया।

## लूट, झूठ और अपराध पर टिकी है हेमंत सरकार: जयंत सिन्हा

हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की संकल्प यात्रा का मकसद हेमंत हटाओ- झारखंड बचाओ है। उन्होंने विधायक मनीष जयसवाल द्वारा कह गये वाक्य पर जोर देते हुए कहा कि मनीष जयसवाल ने कहा कि झारखंड की सरकार लूट और झूठ के मुद्दे पर कार्य कर रही है। मैं कहता हूं की लूट, झूठ और अपराध पर टिकी है यह सरकार।



## वर्तमान सरकार से निजात पाने का एक ही विकल्प हैं बाबूलाल: मनीष जयसवाल

हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल ने कहा कि सुबह से बारिश होने के बावजूद संकल्प यात्रा में उमड़ा जन सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि राज्य की गठबंधन सरकार से जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार लूट और झूठ के मुद्दे पर चल रही है। साल 2019 में जब विधानसभा चुनाव हुआ, तो झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी के संकल्प पत्र में झूठ का पुलिंदा था। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि तीन महीने में पांच लाख नौकरी देंगे। मैंने विधानसभा में सवाल किया और तीन साल में वर्तमान सरकार में मात्र 370 नौकरी देने का काम किया। फिर इन्होंने घोषणा की कि नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे। किसी को नहीं मिला। इसी प्रकार कृषि ऋण माफी का लाभ महज चुनिंदे लोगों को ही मिला। 100 यूनिट बिजली फ्री देने की इन्होंने घोषणा की थी, लेकिन मीटर के साथ छेड़छाड़ कर लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम किया गया। पेट्रोल पर सब्सिडी सहित उनके अन्य वादे झूठ की बुनियाद पर ही खड़े हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान सरकार से निजात पाने के लिए एक ही विकल्प है बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा का शासन लायें और झारखंड में विकास की रफ्तार बढ़ायें।



भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर

File No: S&S/2/OMSS(D)/Wheat/2023-24 Date: 08.09.2023

प्रेस नोट

गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है की, भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओएमएसएस (डी) के तहत चरणबद्ध तरीके से ई–नीलामी के माध्यम से 50 LMT गेहूं और 25 LMT चावल खुले बाजार में उतारेगी। चावल का आरक्षित मूल्य रु.3100/क्विंटल रुपये से घटाकर रु. 2900/क्विंटल किया गया।
एफसीआई द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार, एफसीआई ओडिशा क्षेत्र के 19 केंद्रों से 7000 मीट्रिक टन गेहूं और 28675 मीट्रिक टन चावल ई–नीलामी के लिए पेश किया गया है।
ओएमएसएस (डी) योजना के तहत गेहूं और चावल की बिक्री के लिए एफसीआई द्वारा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को निविदा निकाली जायगी ।
प्रति व्यापारि बोलीदाता को चावल की ई–नीलामी के लिए 1000 मीट्रिक टन तक की अनुमति है। इच्छुक बोलीदाता ई–नीलामी में भाग लेने के लिए एम–जंक्शन (http://www-valuejunction-in/fci) पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। महाप्रबंधक (क्षेत्र)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 10 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


### विधानसभा अध्यक्ष और झारखंड के वित्त मंत्री निजी विद्यालयों के शिक्षकों को आज करेंगे सम्मानित

# समारोह को सफल बनाने में जुटी है पासवा की टीम: आलोक दूबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने रविवार को आयोजित होनेवाले शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि 10 सितंबर 2023 को राज्य का सबसे बड़ा शिक्षक सम्मान समारोह आर्यभट्ट सभागार मोराबादी रांची में आयोजित होगा। इस भव्य सम्मान समारोह की तैयारी के लिए झारखंड पासवा की पूरी टीम तैयार है।



शनिवार को इस तैयारी की समीक्षा और आर्यभट्ट सभागार में तैयारी का जायजा लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि इस भव्य आयोजन में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो मुख्य अतिथि रहेंगे। झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शिक्षक सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करेंगे। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा एवं डीएवी मैनेजिंग कमेटी के पूर्व निदेशक एल आर सैनी इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहेंगे। इसके साथ ही झारखंड के प्रत्येक जिले से पासवा के पदाधिकारी गण एवं झारखंड के प्रत्येक जिले से निजी विद्यालयों के शिक्षक गण इस सम्मान समारोह में उपस्थित रहेंगे। तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए पासवा कोर कमेटी के सुषमा केरकेट्टा, फलक फातिमा, रशीद अंसारी, मेहुल कुमार दुबे, संजय कुमार, राशिद अंसारी मोजाहिद इस्लाम, अमीन अंसारी, फलक फातिमा, मेहुल दुबे, चारुबाला, अनिकेत कुमार, शुभम कुमार, अभाष कुमार, माणिक पाठक सहित संपूर्ण पासवा कोर कमेटी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर विद्यालय के सभागार में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता और प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने से संबंधित स्लोगन और तख्तियों के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा है का संदेश दिया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत निर्माण के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अटल निर्णय लिया। विद्यालय के बारहवीं कक्षा के कल्चरल सेक्रेटरी छात्र आर्या राज ने उपस्थित विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलवायी। विद्यालय के हिंदी शिक्षक संजय कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों के समक्ष स्वच्छता के महत्व पर अपना विचार व्यक्त किया। विद्यालय की




एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने सभी छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक की वस्तुओं का प्रयोग न करने, स्वच्छता ही सेवा है और अपने आस-पड़ोस में भी स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने की बातों को अमल करने की याद दिलायी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही वातावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है, पर्यावरण को संतुलित रखा जा सकता है और अनेक जानलेवा बीमारियों से भी बचा जा सकता है। प्लास्टिक तथा इससे बननेवाली सामग्री कभी नष्ट न होने के कारण हमारे पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इससे जानलेवा बीमारियां उत्पन्न होती हैं। इस अवसर पर हम सभी प्रतिज्ञा करें कि स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंगे और स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना सहयोग देंगे। एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखर ने सुझाव दिया कि हमें शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वच्छ होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सीसीए इंचार्ज नबारुन सेनगुप्ता, परीक्षा प्रभारी एके श्रीवास्तव और शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## एनआइबीएम के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एन.आई.बी.एम. में ऑफलाईन एवं ऑनलाईन और सुनियोजित पढ़ाई की नई तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं। वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाईन भी कर चुके हैं तथा रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में इनकम टैक्स ऑफिसर, सी.बी.आई. तथा अनेक सेंट्रल तथा स्टेट लेबल की कार्यालय में कार्यरत है। संस्थान के निदेशक ने बताया की यहां के शिक्षकगण पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं तथा निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते हैं तथा यहां बेहतर तथा हजारो पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ा लाईब्रेरी है, जहां विद्यार्थी ग्रुप बना कर पढ़ते हैं, संस्थान में नई पैर्टन पर ऑनलाईन टेस्ट के लिए कम्प्यूटर लैब है जहाँ ट्रेनर विद्यार्थियों को अच्छी तथा सही गाईड लाईन देतें है। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है तथा तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा कैरियर काउंसिलिंग तथा मोटिवेट करवाया




जाता है जिससे विद्यार्थी मात्रा 6 से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। एन.आई.बी.एम. में बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा, प. बंगाल से विद्यार्थी आकर पढ़ते हैं। संस्थान काफी बेहतर प्रदर्शन लगातार 25 वर्षों से करते आ रही है। स्नात्तक पढ़ रहे, स्नात्तक, बी-टेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिग के लिए सेपरेट तथा बैंकिंग, एस.एस.सी. रेलवे की सेपरेट तथा कम्बाईड बैच 18 एवं 22 सितम्बर 2023 से विध्वित लाइब्रेरी, रिडिंग के साथ प्रारम्भ की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी श्री साई टॉवर, सर्कुलर रोड़, रांची स्थित एन.आई.बी.एम. संस्थान में सम्पर्क कर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एन.आई.बी.एम. में ऑफलाईन एवं ऑनलाईन और सुनियोजित पढ़ाई की नई तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं। वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाईन भी कर चुके हैं तथा रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में इनकम टैक्स ऑफिसर, सी.बी.आई. तथा अनेक सेंट्रल तथा स्टेट लेबल की कार्यालय में कार्यरत है। संस्थान के निदेशक ने बताया की यहां के शिक्षकगण पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं तथा निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते हैं तथा यहां बेहतर तथा हजारो पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ा लाईब्रेरी है, जहां विद्यार्थी ग्रुप बना कर पढ़ते हैं, संस्थान में नई पैर्टन पर ऑनलाईन टेस्ट के लिए कम्प्यूटर लैब है जहाँ ट्रेनर विद्यार्थियों को अच्छी तथा सही गाईड लाईन देतें है। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है तथा तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सपफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा कैरियर काउंसिलिंग तथा मोटिवेट करवाया जाता है जिससे विद्यार्थी मात्रा 6 से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। एन.आई.बी.एम. में बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा, प. बंगाल से विद्यार्थी आकर पढ़ते हैं। संस्थान कापफी बेहतर प्रदर्शन लगातार 25 वर्षों से करते आ रही है। स्नात्तक पढ़ रहे, स्नात्तक, बी-टेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिग के लिए सेपरेट तथा बैंकिंग, एस.एस.सी. रेलवे की सेपरेट तथा कम्बाईड बैच 18 एवं 22 सितम्बर 2023 से विधिवत लाइब्रेरी, रिडिंग के साथ प्रारम्भ की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी श्री साई टॉवर, सर्कुलर रोड़, रांची स्थित एन.आई.बी.एम. संस्थान में सम्पर्क कर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## हरमू में भाजपा की मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी हरमू मंडल के द्वारा मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मिट्टी को नमन और वीरों को वंदन किया गया। साथ ही देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देनेवाले वीरों को याद किया गया। अभियान को लेकर बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह हरमू मंडल प्रभारी दीनदयाल बरनवाल ने कहा कि दिल्ली में अमृत वन का निर्माण हो रहा है, जिसमें देश के हर घर से एक चुटकी, मिट्टी या चावल या पांच तुलसी के पत्ते लेने हैं और इसे संग्रहित कर दिल्ली जाया जायेगा। पूरे देशवासियों के सहयोग से भव्य अमृत वन का निर्माण होगा। यह कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य अरुण कुमार झा, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता दीनदयाल बरनवाल, वार्ड 34 के पार्षद विनोद सिंह, मंडल, उपाध्यक्ष संजू देवी, संजय यादव, अमित सिंह, महामंत्री अनुज शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन सिंह, मोर्चा महामंत्री निधि पटेल, वीरेंद्र सिंह, राकेश सिंह, विनोद सिंह, गोपाल कुमार, मुरारी प्रसाद, सूरज कुमार बरनवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## जेसीआइ ने निःशुल्क जांच शिविर लगाया

**रांची (आजाद सिपाही) ।** जेसीआइ रांची यूथ ने जेसीआइ वीक के उपलक्ष्य में निःशुल्क मधुमेह, रक्तचाप जांच शिविर, योग और ध्यान कार्यक्रम का आयोजन मोराबादी स्थित चिल्ड्रेंस पार्क में किया।



शिविर में 50 से ज्यादा लोगों ने अपनी मधुमेह और रक्तचाप संबंधित जांच करायी। सदर अस्पताल के चिकित्सा सहायक सोनू कुमार ने जांच में अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। संस्था की अध्यक्ष कुशा जालान ने कार्यक्रम की जानकारी दी और कहा कि हमें रूटीन चेकअप कराते रहना चाहिए और रोज आधे घंटे शारीरिक मेहनत जैसे योगा, मॉर्निंग वॉक, खेलकूद आदि करते रहने से स्वस्थ रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्यों का बहुमूल्य सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नितिन सिंह ने किया। कार्यक्रम में सचिव सोनल अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने फिजियोथेरेपिस्ट को सम्मानित किया

**रांची (आजाद सिपाही) ।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट झारखंड शाखा ने शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रांची के सहयोग से एक असाधारण उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट झारखंड शाखा के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश ठाकुर, सचिव डॉ. राजीव रंजन, शैल्बी




डिवाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रांची के रुमेटोलॉजी और क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी के चिकित्सा निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. देवनिस खेस और राँची के गण्यमान फिजियोथेरेपिस्ट की गरिमामयी उपस्थिति रही। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस समारोह में, डॉ. देवनिस खेस, डॉ. विवेक कुमार डेविड, और डॉ. नेहा और रांची के सबसे पुराने फिजियोथेरेपिस्ट में से एक डॉ. उमा सेन गुप्ता ने इस अवसर पर एक अमिट छाप छोड़ते हुए अपनी विशेषज्ञता साझा की। ज्ञात हो के इस बार विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का थीम आर्थराइटिस है, जिस पर हमारे प्रतिष्ठित वक्ताओं ने आर्थराइटिस तथा उसे में फैसिओथेरपी के भूमिका के बारे में अपनी राय रखी।

## एसबीआइ ऑफिसर्स एसोसिएशन का सदस्य संवाद कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, पटना मंडल द्वारा शनिवार को पटना में सदस्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि दीपक कुमार शर्मा, महासचिव कमलाकर सिंह, अध्यक्ष अमरेश विक्रमादित्य, महासचिव और अधिकारी संघ पटना मंडल के अन्य नेतृत्वकर्ताओं ने दीप जला कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर अधिकारी संघ के सभी पदाधिकारी और पटना तथा आसपास से विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों से आये लगभग 500 अधिकारी उपस्थित रहे। दीपक कुमार शर्मा ने आज के समय में मजबूत ट्रेड यूनियन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन पुनरीक्षण 01 नवंबर, 2022 से प्रतीक्षित है तथा इस संबंध मे




संघों की वार्ता आइबीए के साथ चल रही है। इसमें अधिकारी संगठन का नेतृत्व रूपम रॉयकर रहे हैं। कमलाकर सिंह, अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को संगठित रहने का एवं मिल कर कार्य करने का संदेश दिया तथा अपने बैंक को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने हेतु आह्वान भी किया। अमरेश विक्रमादित्य, महासचिव ने सभी उपस्थित सदस्यों को साधुवाद देते हुए एक मजबूत संघ के निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। सभा के अन्य वक्ताओं में केंद्रीय समिति सदस्य अरिजित बोस, अनिल कुमार यादव एवं शिवधार लाल प्रमुख रहे। सभा में अन्य केंद्रीय समिति सदस्य संजीत सुमन, रंजन कुमार सिंह, लक्ष्मी नारायण पासवान, प्रशांत कुमार मिश्रा, मुकेश कुमार, सुधाकर सिन्हा, प्रदीप रजक, रजनीश श्रीवास्तव, विजय कुमार भारती भी उपस्थित रहे। सभा के उपरांत भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, पटना मंडल द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत शारदा संघ विद्यालय में गरीब और बेसहारा बच्चों की पढ़ाई में सहयोग के लिए 50 स्टडी टेबल का वितरण भी किया गया।

## टीआरएल संकाय के नागपुरी विभाग में मना शिक्षक दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय, रांची विश्वविद्यालय के नागपुरी विभाग में आज पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर शिक्षक दिवस मनाया गया. छात्रों और शोधार्थियों ने इस अवसर पर शिक्षकों को बुके, प्रतीक चिन्ह एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया. चन्द्रिका कुमारी, बुद्धेश्वर बड़ाईक व छात्रों के द्वारा गीत-कविता प्रस्तुत किया. मौके पर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नन्द तिवारी ने कहा कि इंसान के जीवन में गुरु का स्थान सर्वोत्तम है, क्योंकि गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है जो अपने शिष्य को जीवन में कर्म पथ पर चलने का सही मार्ग दिखाता है. यह बात बिल्कुल सत्य है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है. प्राध्यापिका डॉ सविता केसरी ने कहा कि गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त कर लेता है. शिक्षक विद्यार्थियो के जीवन के वास्तविक निमार्ता होते हैं, जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं. बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जगमगाते रहें. प्राध्यापक डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो ने कहा कि शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है, जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाता है. उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है. उन्होंने कहा कि आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर समाज व आने वाली नयी पीढ़ी के लिए एक रोल माडल बने. एक शिक्षक अपने जीवन के अंत तक मार्गदर्शक की भूमिका अदा करता है और समाज को राह दिखाता रहता है, तभी शिक्षक को समाज में उच्च दर्जा दिया जाता है. प्राध्यापक डॉ रीझू नायक ने कहा कि शिक्षक का दर्जा समाज में हमेशा से ही पूज्यनीय रहा है. कोई उसे 'गुरु' कहता है, कोई 'शिक्षक' कहता है, कोई 'आचार्य' कहता है, तो कोई 'अध्यापक' या 'टीचर' कहता है. ये सभी शब्द एक ऐसे व्यक्ति को चित्रित करते हैं, जो सभी को ज्ञान देता है, सिखाता है और जिसका योगदान किसी भी देश या राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करना है. सही मायनों में कहा जाए तो एक शिक्षक ही अपने विद्यार्थी का जीवन गढ़ता है और शिक्षक ही समाज की आधारशिला है. कार्यक्रम का संचालन श्वेता कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन विक्की मिंज ने किया. मौके पर विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र छात्राएँ, शोधार्थी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## चैम्प्स प्ले स्कूल ने ग्रैंड पैरेंटस डे मनाया

**रांची (आजाद सिपाही) ।** जीवन में परिवार के बड़ों के आश्रय का एक एहसास कुछ अनोखा ही होता है इसलिए चैम्पस प्ले स्कूल में ग्रैंड पैरेण्टस डे शनिवार दिनांक 09.09.23 को बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस



अवसर पर सभी बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। ग्रैंड पैरेण्ट्स ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया और उन्होने अपने अनुभवों को साझा किया। अंत में प्राचार्या श्रीमती अमृता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर में भोग का वितरण किया गया

**रांची (आजाद सिपाही) ।** श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुतहा तलाब में प्रत्येक शनिवार की तरह इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष मिश्रा जी के द्वारा भोग लगाया गया भोग का वितरण भक्तों के




बीच किया गया। इसमें खिचड़ी, अचार, चिप्स आदि प्रमुख रूप से थे। कल दिनांक 10.09.2023 चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तलाब के प्रांगण में भूमि पूजन एवं दुर्गा पूजा वर्ष 2023 कमिटी विस्तार के साथ ही प्रसाद वितरण किया जाएगा। आज मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के मुख्य अतिथि रांची विधायक श्री सी. पी. सिंह जी, मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू, श्री रमेश सिंह, श्री संजीव कुमार साहू, श्री विशाल कृष्णा, श्री दिलीप गुप्ता, श्री जयकांत चौधरी, श्री संजय सिंह (लल्लू सिंह), श्री राहुल सिंह, श्री नमन भारतीय, श्री राहुल रजक, श्री संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, बिनोद महतो, सनी वर्मा, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदि उपस्थित थे। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

### रांची के नये एसएसपी चंदन सिन्हा ने पदभार संभाला

## संगठित अपराध को रोकना पहली प्राथमिकता : एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नये एसएसपी चंदन सिन्हा ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। रांची के निवर्तमान एसएसपी किशोर कौशल ने उन्हें पदभार सौंपा। पदभार संभालने के बाद एसएसपी ने कहा कि संगठित अपराध को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वह रांची के 73वें एसएसपी बने हैं।



उन्होंने कहा कि राजधानी में क्राइम कंट्रोल के साथ ट्रैफिक व्यवस्था पर भी विशेष नजर होगी। हर इलाके के छोटे से बड़े अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। जिलों में तैनात डीएसपी और थानेदार एक टीम के तहत काम करेंगे। साथ ही कहा कि राजधानी में कई चुनौतियां हैं। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। पुलिस निष्पक्ष, संवेदनशील और अच्छी तरह से कार्य करेगी। विधि व्यवस्था पर ज्यादा ध्यान होगा।

## जेसीआइ रांची एक्सपो उत्सव 12 अक्टूबर से मोरहाबादी में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसीआइ रांची एक्सपो उत्सव 12-16 अक्टूबर तक मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जायेगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस वर्ष इस कन्ज्यूमर फेयर का 26वां संस्करण होगा।

संस्था के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने शनिवार को बताया कि एक्सपो के मुख्य संयोजक डॉ संजय जैन बनाये गये हैं, जो एजुकेशनलिस्ट और आइटी स्पेशलिस्ट हैं। एक्सपो उत्सव में इस बार 300 से अधिक स्टॉल्स होंगे, जो कि जर्मन हैंगर, महिला उद्यमियों के लिए पिंक हैंगर, रियल एस्टेट के लिए अपना घर, फर्नीचर जोन, ऑटो जोन, फूड जोन और बच्चों के लिए अम्यूजमेंट पार्क भी होगा।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# राज्य के प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों को दिया गया चुनाव प्रबंधन प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की पहल और निर्देश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के 6 प्रशिक्षु पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए निर्वाचन मामलों से संबंधित एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में शनिवार को आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षु पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला के आरंभ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को निर्वाचन कार्य की महत्ता के बारे में बताया और निर्वाचन कार्यों के कुशल प्रबंधन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोक प्रशासकों से जो अपेक्षाएं हैं उनके बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में के रवि कुमार ने न केवल अपने प्रशासकीय अनुभव को प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साझा किया बल्कि उन्हें भविष्य में बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षु पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जिन क्रियाकलापों के बारे में पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया। उनमें विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024, इलेक्ट्रॉनिक मतदाता सूची, मतदान केंद्र, स्वीप, चुनाव साक्षरता क्लब, जिला चुनाव प्रबंधन योजना, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, ईआरओ नेट, आईटी टूल आदि शामिल हैं। इसके अलावा उन्हें वोटर टर्नआउट प्लान 2024 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिन प्रशिक्षु आईएएस पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया इसमें श्रुति राजलक्ष्मी, रवि कुमार, दीपेश कुमारी, प्रांजल, कृष्णकांत कांवरिया व सुश्री सुलोचना मीना।

कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धनबाद पूर्णिमा कुमारी, कार्यपालक दंडाधिकारी हजारीबाग सुनील कुमार सिंह, एनएलएमटी एस.एन. जमील आदि मौजूद रहे।

## बल्ब चोरी के आरोप में दो आदिवासी युवकों की पिटाई से एक की मौत

**रांची(आजाद सिपाही)।** रांची के सिकिदरी थाना क्षेत्र के ढेलुआ खूंटा में शनिवार को बल्ब चोरी के आरोप में दो आदिवासी युवकों की लाठी से जम कर पिटाई कर दी गयी। इस घटना में एक युवक की मौत हो गयी। दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पहचान ढेलुआ खूंटा निवासी दुबे मुंडा के पुत्र उमेश मुंडा के रूप में हुई है। वहीं बबलू मुंडा गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ओरमांझी- सिकिदिरी मार्ग को जाम कर दिया। पिटाई की घटना तब सामने आयी, जब उमेश मुंडा का शव नीलकांत प्रसाद के घर के पीछे से मिला। नीलकांत प्रसाद फिलहाल फरार है। इधर, इस घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर आग जलाकर ओरमांझी झ सिकिदिरी मार्ग को ढेलुआ खूंटा के पास जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची सिकिदिरी थाना की पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है। प्रशासन द्वारा काफी समझाने के बाद लोग रोड जाम हटाने को तैयार हुए। इसके बाद इस मार्ग पर वाहनों का परिचालन शुरू हुआ।

## रांची के 92 मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन की उपायुक्त ने दी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के 92 मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन किए जा रहे है। इसमें तमाड़, हटिया और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों के अलावे तमाड़ के 76, सिल्ली के 11 और हटिया विधानसभा क्षेत्र के 5 मतदान केंद्रों के नाम शामिल है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने आगामी लोकसभा/विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित राजधानी रांची जिला के अंतर्गत पड़ने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड़ (अ.ज.जा.), 61-सिल्ली और 64-हटिया के मतदान केन्द्रों के नाम में परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। जानें कौन-कौन से मतदान केंद्रों के नाम में होगा परिवर्तनबता दें, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड़ (अ.ज.जा.), 61-सिल्ली और 64-हटिया के वैसे मतदान केंद्र जो विद्यालयों में है साथ ही जिन विद्यालयों के नाम में बदलाव हुए है उन्हें मेन्युअल ऑफ पोलिंग स्टेशन एडिशन 2020 के अध्याय-4 के कडिका 4.5 के आलोक में नामों में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। वहीं, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड (अ.ज.जा.) के अंतर्गत कुल 76 मतदान केंद्रों के नामों को परिवर्तन के लिए स्वीकृति दी गयी है। इसके अलावे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 61-सिल्ली में कुल 11 और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 64-हटिया के कुल 5 मतदान केंद्रों के नामों में परिवर्तन को लेकर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## डॉ अरुण उरांव पिछड़े इलाके में ज्ञान का अलख जगा रहे, छात्रों को कंप्यूटर दिया

**रांची/ गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आईपीएस डॉ अरुण उरांव बगैर शोर शराबा के सामाजिक कार्यों में हमेशा अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहते है। इसी सेवा धर्म के तहत डॉ उरांव दुरूह एवं पिछड़े इलाके में ज्ञान का अलख जगा रहे है। इसी के तहत डॉ उरांव ने गुमला जिला, घाघरा प्रखंड के सुदूर जंगल एवं पहाड़ के बीच ग्राम बुरहू स्थित जटया विद्यालय के छात्रों को एक कंप्यूटर दिया। इस संबंध में डॉ उरांव ने बताया कि भाई तिंबू उरांव जी के साथ गुमला जिला, घाघरा प्रखंड के ग्राम बुरहू स्थित जटया विद्यालय जाने का दूसरी बार अवसर मिला। सुदूर जंगल एवं पहाड़ के बीच स्थित इस विद्यालय में गरीब परिवार के हजारों बच्चे, मोती साहू जी के संरक्षण में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं । वायदा अनुसार इस बार इनका करियर काउंसलिंग किया और छोटी भेंट के रूप में एक कंप्यूटर दिया। दुरूह एवं पिछड़े इलाके में ज्ञान का दीप जलाए रखने के लिए सभी शिक्षकों एवं संचालन समिति के सदस्यों को बधाई, शुभकामनाएं एवं आभार है। बता दें कि डॉ अरुण उरांव पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे बंदी उरांव के पुत्र हैं। उन्होंने पंजाब कैडर में आईपीएस थे। उन्होंने आईजी रैंक से स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी पत्नी गीताश्री उरांव भी झारखंड सरकार में शिक्षा मंत्री रह चुकी हैं।

## प्रेमी की हत्या के बाद प्रेमिका का वीडियो वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर जिले के मोहनपुर में रोशन हत्याकांड के 25 दिन बीतने के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें रोशन की हत्या की घटना का जिक्र किया गया है। वायरल वीडियो में एक लड़की द्वारा कहा जा रहा है कि रोशन से हम बहुत प्यार करते थे। हम अपनी दीदी के मोबाइल से छुप कर रोशन से बात करते थे। रोशन भी गलत काम में लिप्त था और उसकी दूसरे शहर के लोगों से भी पहचान थी। वीडियो में लड़की बता रही है कि मेरे जीजा ने मेरी मां को बताया था कि कुछ दिन इंतजार कीजिए, सब कुछ खत्म हो जायेगा। इसके बाद रोशन को मारने के लिए प्लान बनाया गया। इसके बाद रविवार को बलसरा चौक से एक चारपहिया वाहन से उसे अगवा कर मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया जंगल में ले जाकर बेरहमी से हत्या कर दी थी।

**'खून लगी कार जब घर लायी गयी तभी सब समझ गयी थी'**

वायरल वीडियो में लड़की कह रही है कि हत्या के पहले रोशन ने मेरी मां को फोन कर जीवन की भीख मांग रहा था कि मुझे छोड़ दीजिए आंटी, दोबारा इस प्रकार की गलती नहीं करेंगे।

## हटिया के श्री जय माता दी दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन, अध्यक्ष बने मंटू व सचिव प्रवीण

**हटिया (आजाद सिपाही)।** श्री जय माता दी दुर्गा पूजा समिति के द्वारा एकता नगर ओबरिया रोड, हटिया में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी शारदीय दुर्गा पूजा भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया। इसके साथ ही सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक सत्य प्रकाश प्रसाद उर्फ सत्या, मंटू यादव को कमेटी का अध्यक्ष, विनोद गोप, कार्तिक चौधरी और बुधराम को उपाध्यक्ष, प्रवीण कुमार सिन्हा को सचिव, सत्येंद्र कुमार व हरेराम सोनी को सह सचिव, मनोज बैठा को कोषाध्यक्ष, अजय कुमार को सह कोषाध्यक्ष, कुंदन यादव को मेला पंडाल प्रभारी बनाया गया। इसके अलावे विपिन, नीरज अग्रवाल, प्रशांत सिंह, संतोष सिंह, बंशी महतो, राजू सिंह, ओमप्रकाश, संजय, मुन्ना, सन्नी बैठा, विनय सिंह, नवीन, सूरज सिंह, चंदन तथा मनोज को कार्यकारिणी सदस्य सहित दर्जनों युवाओं को सदस्य बनाया गया है।

## नियोजन नीति और स्थानीय नीति परिभाषित नहीं होने से मूलवासी सदान को सबसे ज्यादा नुकसानः राजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा /रांची।** सरकार जब तक खतियान आधारित नियोजन नीति और स्थानीय नीति नहीं बनाती है तब तक संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को लागू करे। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने सिमडेगा, के केरसई में मोर्चा द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी सह आमसभा को संबोधित करते हुए कही। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि बाल बच्चों के भविष्य को बचाना है तो मूलवासी सदानों के बीच राजनीतिक चेतना जगाना होगा। राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार किया कहा कि राज्य में अबतक की सरकार ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया है। अधिकार के लिए सदान मोर्चा के आह्वान पर हमेशा सड़क पर उतरें। धीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक जाति समुदाय और राजनीति में सिर्फ एक ही नेता होता है जिससे समाज का सही दिशा दर्शन और समाज का संपूर्ण विकास हो पाता है। कार्यक्रम में नंदकिशोर प्रसाद, राजेश कुमार, सुरेश प्रसाद, महेश प्रसाद, बसंत साहू,आनंद प्रसाद, प्रदीप कुमार, कमो देवी, गंदोरी देवी, भूटन देवी, फूलों देवी, पिंकी देवी, सुमित्रा देवी, बुधियारो देवी, पंकज, दिनेश, महेंद्र प्रसाद, उत्तम, अभिषेक प्रसाद, विश्वनाथ मलार, सोमनाथ मलार, चितरांगत बेहरा सहित अन्य ने अपनी बात रखी।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नयी दिल्ली में राष्ट्रपति के रात्रि भोज में हुए शामिल





सीएम हेमंत सोरेन रात्रि भोज में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य नेताओ से मिलते हुए

## डॉ संजय जैन बने एक्सपो उत्सव 2023 के मुख्य संयोजक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसी डॉ संजय जैन को एक्सपो उत्सव 2023 का मुख्य संयोजक बनाया गया है। संस्था के सचिव जेसी तरुण अग्रवाल ने बताया कि जेसी प्रतीक जैन, जेसी राहुल टिबड़ेवाल और जेसी सनी केडिया को उप संयोजक बनाया गया है। इस बीच जेसी डॉ संजय जैन ने कहा कि एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां सुई से लेकर कार तक मिलता है। इस वर्ष हम लोग डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए एक्सपो को एक नये रूप में पेश करेंगे। इसमें स्टार्टअप बिजनेस के लिए स्टार्टअप बाजार होगा। एंटरप्रेन्योरशिप पे ट्रेनिंग का आयोजन करायेंगे और युवा और बच्चों के लिए कैरियर ओरिएंटेशन का प्रोग्राम भी होगा। एक्सपो उत्सव में इस बार 300 से अधिक स्टॉल्स होंगे। जर्मन हैंगर, महिला उद्यमियों के लिए पिंक हैंगर, रियल एस्टेट के लिए अपना घर, फर्नीचर जोन, ऑटो जोन, फूड जोन एवम बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क भी होगा।

## प्रेमी की हत्या के बाद प्रेमिका का वीडियो वायरल

**देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर जिले के मोहनपुर में रोशन हत्याकांड के 25 दिन बीतने के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक लड़की द्वारा कहा जा रहा है कि रोशन से हम बहुत प्यार करते थे। हम अपनी दीदी के मोबाइल से छुप कर रोशन से बात करते थे। रोशन भी गलत काम में लिप्त था और उसकी दूसरे शहर के लोगों से भी पहचान थी। वीडियो में लड़की बता रही है कि मेरे जीजा ने मेरी मां को बताया था कि कुछ दिन इंतजार कीजिये। इसके बाद रविवार को बलसरा चौक से एक चारपहिया वाहन से उसे अगवा कर मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया जंगल में ले जाकर बेरहमी से हत्या कर दी थी।**

## सिमेकॉन के दूसरे दिन 172 चिकित्सक शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोल इंडिया मेडिकल कांफ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को कुल 11 चिकित्सक वक्ताओं ने विषय पर प्रस्तुति दी। देशभर से आए ख्यातिलब्ध चिकित्सकों ने अपने विचारों और उत्कृष्ट कार्यों को दर्शकों से साझा किया। कोल इंडिया लिमिटेड और सहयोगी कंपनियों के 172 से अधिक डॉक्टर्स ने चिकित्सा जगत में हो रहे नवाचार और नवीन तकनीकों पर विस्तार से चर्चा किया। इस वर्ष की कांफ्रेंस का थीम एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली - प्रौद्योगिकी नवाचार है। कार्यक्रम में ईसीजी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसका संचालन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ प्रमोद कुमार कुचलाकांती ने किया। इसके उपरांत कोल इंडिया लिमिटेड के चिकित्सकों ने फ्री पेपर सत्र में अपनी प्रस्तुति दी। चेयरमैन अवार्ड में कुल पांच डॉक्टर्स ने प्रस्तुति दी। इसके अलावा भी दस अतिथि वक्ताओं ने अपने विचार उपास्थित डॉक्टरों के साथ साझा किया। इस अवसर पर डॉ आशीष प्रकाश,डॉ अमित गुप्ता,डॉ प्रकाश रॉय एवं अन्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 91 हजार मामलों का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान 35 पीड़ितों के बीच लगभग 65 लाख रुपये का वितरण झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत किया गया। साथ ही कुल 91 हजार से अधिक वादों का निष्पादन किया गया। इनमें प्रीलिटिगेशन और लिटिगेशन के वादों का निष्पादन शामिल है। वहीं दसूरी ओर 123 करोड़ से अधिक रुपये की समझौता राशि की वसूली विभिन्न वादों में की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के दौरान झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर, जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार भी रांची सिविल कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत की गतिविधियां देखी और लोक अदालत का निरीक्षण भी किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों के लिए 25 बेंच और कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया था। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने दी।



## श्रम न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, मजदूरों को नगद राशि का किया गया भुगतान

**रांची (आजाद सिपाही) ।** डोरंडा स्थित श्रम न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के हर कोने से सैकड़ों मजदूरों ने भाग लिया।

इस दौरान कई मजदूरों को राशि का भुगतान किया गया। इसमें पहला चेक झारखंड कामगार यूनियन की सदस्य बबिता मुंडा को एक लाख 32 हजार का दिया गया। वर्तमान श्रम न्यायालय पीठासीन अधिकारी ध्रुव नारायण मिश्रा के अथक प्रयास से नियोजकों को लगातार समझा कर मजदूरों को मजदूरों को बड़े पैमाने पर भुगतान करवाया जा रहा है। इसका सपरिणाम यह हुआ कि मजदूरों को केस नहीं लड़ना पड़ रहा है और उन्हें उनका हक मिल रहा है। पीठासीन अधिकारी ध्रुव नारायण मिश्रा के प्रति मजदूरों में विश्वास का संचार हुआ है।

## पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ का जमालपुर अहमदाबाद में जन जागरण कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ रजि. का अहमदाबाद (कर्णावती) महानगर के जमालपुर मुस्लिम क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के सफल कार्यकाल और पसमांदा मुसलमानों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा मिल रहे लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए एक जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारी बारिश के कारण सार्वजनिक सभा का कार्यक्रम स्थगित कर वसंत रजब हॉल में आयोजित किया गया। इसमें पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ रजि. के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक इरफान अहमद साहब, संस्था के गुजरात प्रदेश के अध्यक्ष सुलेमान भाई गढ़िया जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि विमुक्ति जाति आयोग सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय सदस्य भरत भाई पाटनी जी को संस्था का गुजरात प्रदेश विस्तारक नियुक्त किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष एडवोकेट रमजानी जुजारा साहब, एडवोकेट सईद खान पठान साहब, संस्था की महिला विंग की अध्यक्षा शाहिना शेख, मेहसाणा जिला प्रभारी अकबर सैयद, संगठन के सौराष्ट्र क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अयाजभाई कलवत और बड़ी संख्या में कार्यकताओं और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में, संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी। जिसमें मोहम्मद अरसलान शेख को संगठन का गुजरात प्रदेश महामंत्री, शेरू खान को अहमदाबाद शहर का प्रभारी, फिरोज खान को अहमदाबाद शहर का अध्यक्ष, अहमदाबाद शहर के महामंत्री आरिफ भाई शेख एवं यूनुस भाई रंगरेज, शहर उपाध्यक्ष रफीक भाई पटेल, सिपाही सलीम मिर्जा, को अहमदाबाद ग्रामीण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# उपचुनाव का संदेश

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर मंगलवार को हुए उपचुनावों के नतीजों पर खास ध्यान दिया जा रहा था, तो उसके पीछे सबसे बड़ी वजह थी इसकी टाइमिंग। यह विपक्ष का गठबंधन बनने के बाद होने वाला पहला चुनावी टकराव था। इसका क्षेत्र भी बड़ा व्यापक था। उत्तर के झारखंड, यूपी और उत्तराखंड से लेकर पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और दक्षिण के केरल तक की सीटों पर मुकाबला हुआ। दूसरी बात यह कि ये उपचुनाव पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों और फिर लोकसभा चुनावों से ठीक पहले हुए थे। बहरहाल, संख्या के लिहाज से देखा जाये, तो इन चुनाव नतीजों को मिला-जुला ही कहना होगा। सात सीटों में से तीन बीजेपी के खाते में गयीं और चार विपक्षी दलों में से किसी न किसी के हिस्से में। लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि केरल (पुतुपल्ली) में बीजेपी मुकाबले में ही नहीं थी। वहां टक्कर कांग्रेस की अगुवाई वाली यूडीएफ और एलडीएफ के बीच था, जिसमें कांग्रेस-यूडीएफ ने बाजी मारी। ऐसे देखें तो स्कोरकार्ड तीन-तीन का बनता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर बीजेपी की भारी जीत बताती है कि वहां लेफ्ट पार्टियों के लिए आगे की राह सचमुच मुश्किल है। हालांकि लेफ्ट पार्टियों ने वहां चुनावी धांधली के आरोप लगाते हुए मतगणना का बहिष्कार कर रखा था, लेकिन इस बारे में जब तक विश्वसनीय जांच से कुछ स्थापित नहीं होता, तब तक सिर्फ आरोप के बिना पर कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता। पश्चिम बंगाल (धुपगुड़ी) में विपक्ष का कोई साझा उम्मीदवार नहीं था। तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के अलावा वहां लेफ्ट पार्टियों का भी एक प्रत्याशी था, जिसे कांग्रेस ने समर्थन दिया था। जीत तृणमूल कांग्रेस को मिली और निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजेपी का रहा। बीजेपी यह कहकर खुश हो सकती थी कि वहां तृणमूल के मुकाबले में वही है और उसने कांग्रेस व लेफ्ट को पीछे धकेल दिया है। लेकिन चूंकि अब लोकसभा चुनावों के लिहाज से लेफ्ट दल, कांग्रेस और तृणमूल- सभी एक ही पाले में खड़े नजर आ रहे हैं, तो बीजेपी के लिए यह दिलासा काफी नहीं होगा। फिर भी अगर आइएनडीआइए गठबंधन के नजरिये से देखें तो झारखंड की डुमरी और यूपी की घोसी, ये दोनों सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण सीटें कही जायेंगी। डुमरी में हालांकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का मुकाबला ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) से था, लेकिन जेएमएम प्रत्याशी को आइएनडीआइए गठबंधन का समर्थन हासिल था। घोसी की अहमियत इस बात में थी कि वहां समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ विपक्षी खेमे के किसी भी दल ने उम्मीदवार खड़ा नहीं किया था। ऐसे में झारखंड के डुमरी में खटट और यूपी के घोसी में समाजवादी पार्टी की जीत के खास मायने हो जाते हैं। जाहिर है बीजेपी आइएनडीआइए गठबंधन को हलके में लेने का जोखिम नहीं उठा सकती।

**संख्या के लिहाज से देखा जाये, तो इन चुनाव नतीजों को मिला-जुला ही कहना होगा। सात सीटों में से तीन बीजेपी के खाते में गयीं और चार विपक्षी दलों में से किसी न किसी के हिस्से में।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमइटी) महत्वपूर्ण खनिजों के अन्वेषण में सहायता कर रहा है और निजी एजेंसियों को भी अन्वेषण गतिविधियों के लिए धन प्राप्त करने के लिए सूचीबद्ध किया जा रहा है। एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 भी गहराई में पाये जाने वाले तथा महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्वेषण लाइसेंस (इएल) के प्रावधान को शामिल कर खनन की सुविधा देता है। इसने लिथियम सहित 6 खनिजों को 12 परमाणु खनिजों की सूची से हटा भी दिया है।**

# महत्वपूर्ण खनिज और टिकाऊ भविष्य की ओर भारत की राह

प्रह्लाद जोशी



**ज्यों-ज्यों** नयी दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के आयोजन का समय निकट आ रहा है, स्वच्छ ऊर्जा का रुख करने में महत्वपूर्ण खनिजों की अहमियत के संबंध में आम सहमति बढ़ती जा रही है। गोवा में जी-20 ऊर्जा परिवर्तन मंत्रियों की बैठक के परिणाम दस्तावेज में ऐसे महत्वपूर्ण खनिजों और सामग्रियों की विश्वसनीय, जिम्मेदार और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने की आवश्यकता पर ध्यान दिया गया है, जो खनिज उपयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं और जिनका कोई व्यवहार्य विकल्प नहीं होता, लेकिन जो देश की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, उन्हें प्रायः महत्वपूर्ण खनिजों के रूप में परिभाषित किया जाता है। कोबाल्ट, लिथियम, सिलिकॉन, ग्रेफाइट और दुर्लभ मृदा तत्व (आरइइ) जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का उपयोग सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और बैटरी जैसी स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में किया जाता है। इन प्रौद्योगिकियों के उपयोग से 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म बिजली क्षमता और 2030 तक उत्सर्जन-तीव्रता को 2005 के स्तर से 45 प्रतिशत कम करने के भारत के संधारणीय या सतत लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिल सकती है। इसलिए ये खनिज आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं और इन्हें आधुनिक सभ्यता की बुनियाद करार दिया जा सकता है।

**महत्वपूर्ण खनिजों का उपयोग सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और बैटरी जैसी स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में किया जाता है।**



**स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग के कारण विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के वैश्विक खनन में तेजी आयी है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीइइडब्ल्यू) के सहयोग से मंत्रालय द्वारा संचालित एक अध्ययन के अनुसार, 2016 और 2022 के बीच लिथियम, आरइइ और कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों के वार्षिक उत्पादन में क्रमशः 240 प्रतिशत, 134 प्रतिशत, और 67 प्रतिशत वृद्धि हुई।**

स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग के कारण विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के वैश्विक खनन में तेजी आयी है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीइइडब्ल्यू) के सहयोग से मंत्रालय द्वारा संचालित एक अध्ययन के अनुसार, 2016 और 2022 के बीच लिथियम, आरइइ और कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों के वार्षिक उत्पादन में क्रमशः 240 प्रतिशत, 134 प्रतिशत, और 67 प्रतिशत वृद्धि हुई। कोबाल्ट, तांबा और निकल जैसे खनिजों के मामले में, वर्तमान खनन उत्पादन पहले से ही वैश्विक भंडार के 2 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि, महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं जटिल हैं और व्यापार संबंधी सरोकारों, भू-राजनीतिक कारकों और प्राकृतिक आपदाओं जैसे अप्रत्याशित व्यवधानों के प्रति असुरक्षित हो सकती हैं। हमारी आयात निर्भरता कम करने, राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ बनाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए घरेलू मूल्य श्रृंखला विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित बनाना महत्वपूर्ण है।

आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार अन्वेषण, प्रसंस्करण, उपयोग और रीसाइक्लिंग पर ध्यान देने सहित घरेलू महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में 2015, 2020, 2021 और हाल ही में 2023 में किये गये प्रमुख परिवर्तनों के माध्यम से समय-समय पर किये गये संशोधनों के जरिए नीतिगत सुधार लाये गये हैं। उत्पादन के घरेलू स्रोत बढ़ाने के लिए खान मंत्रालय ने 2015 में नयी नीलामी व्यवस्था आरंभ कर पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से खदान विकास के लिए खनन पट्टे (एमएल) और समग्र लाइसेंस (सीएल) प्रदान किये। इसके अलावा, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमइटी) महत्वपूर्ण खनिजों के अन्वेषण में सहायता कर रहा है और निजी एजेंसियों को भी अन्वेषण गतिविधियों के लिए धन प्राप्त करने के लिए सूचीबद्ध किया जा रहा है। एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 भी गहराई में पाए जाने वाले तथा महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्वेषण लाइसेंस (इएल) के प्रावधान को शामिल कर खनन की सुविधा देता है। इसने लिथियम सहित 6 खनिजों को 12 परमाणु खनिजों की सूची से हटा भी दिया है।

सहकारी संघवाद के लिए एक मिसाल कायम करते हुए सरकार ने संबंधित राज्य सरकारों के लिए राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए 24 महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित रियायतों की विशेष रूप से नीलामी करने का उत्तरदायित्व लिया है। इस उपाय से राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियों में सुधार होगा, जिससे उनकी राजकोषीय स्थिति को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन मिलेगा।

घरेलू व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के अलावा बहुपक्षीय और द्विपक्षीय संबद्धताओं के माध्यम से सहयोगपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रयास लचीली महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला के निर्माण में मदद कर सकते हैं। लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक कार्रवाई महत्वपूर्ण है और सरकार महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में सक्रिय रूप से नयी साझेदारियां और गठबंधन बना रही है, जैसे -खनिज सुरक्षा साझेदारी (एमएसपी) में भारत का प्रवेश, ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (इसीटीए) तथा खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (केएबीआइएल)का चिली और अर्जेंटीना जैसे देशों में खनिज अधिग्रहण के अवसर तलाशने का प्रयास करना।

जी-20 में हुई चर्चा के अनुरूप, महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में नवाचार, पर्यावरण, सामाजिक और शासन व्यवस्था (इएसजी) और सर्कुलेरिटी को सम्मिलित करते हुए स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांत भारत के महत्वपूर्ण खनिजों को भविष्य के लिए सुरक्षित करने के हमारे प्रयासों को और ज्यादा मजबूती प्रदान करेंगे। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत प्रधानमंत्री का 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का विजन साझा भविष्य के लिए उत्सर्जन में कमी और जलवायु परिवर्तन शमन से संबंधित हमारे साझा लक्ष्यों के महत्व को रेखांकित करता है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान किया गया आरंभिक कार्य महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में हमारे काम को मजबूती प्रदान करेगा, जिसकी बदौलत भारत नेतृत्वकारी भूमिका निभायेगा।

**(लेखक केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री हैं)**

## जमशेदपुर/झारखंड की खबरें

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 7,528 केस का निष्पादन व 33 करोड़ 98 लाख 94 हजार 514 रुपयों की राजस्व की प्राप्ति

**राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक सेअधिक मामले का समाधान के लिए व्यवहार न्यायालय में कुल 14 बेंचो का गठन किया गया।**

आजाद सिपाही सवांददाता






**जमशेदपुर।** जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित लोक अदालत का उद्घाटन अतिथियों ने विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश अनिल , विशिष्ठ अतिथियों प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेश लाल, सम्मानित अथिति स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लाला अजित राय अंबष्ट, डालसा के सचिव नितीश निलेश सांगा शामिल रहे। लोक अदालत में कुल 7,528 केस का निष्पादन व 33 करोड़ 98 लाख 94 हजार 514 रुपयों की राजस्व की प्राप्ति की गयी। मौके पर प्रधान जिला जज अनिल मिश्रा ने कहा वर्तमान समय मे लोक अदालत के माध्यम से मामले का त्वरित समाधान मिलने से इसका महत्व बड़ा है। लोक अदालत में समय और पैसा दोनों की बचत होता है। स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा किसी भी मामले में समझौता लार निष्पादन करने के लिए लोक अदालत एक बेहतर मंच है। नालसा, झालसा और डालसा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में मददगार साबित हो चुकी है। आम जनता को आसानी से लाभ मिल रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले का समाधान के लिए व्यवहार न्यायालय में कुल 14 बेंचो का गठन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नीतीश निलेश सांगा ने बताया आसानी से मामले का निपटारा के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत आम जनता के लिए बेहतर है। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में वन अधिनियम, बिजली अधिनियम, मापतौल अधिनियम, उत्पाद अधिनियम, बैंक ऋण, चेक बाउंस, श्रम अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, मोटरयान दुर्घटना मुआवजा, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वाद, खान अधिनियम, पारिवारिक वाद, सुलह योग्य आपराधिक व दीवानी मामला शामिल रही।

## जेजेए चतरा इकाई की बैठक हुई संपन्न, संस्थापक सहित प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल

# राज्य के सभी जिलों के पत्रकारों की सूची जनसंपर्क विभाग को सौंपेगी जेजेए

## सामूहिक स्वास्थ्य बीमा और पत्रकारों को प्रशिक्षित करने का हुआ फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता



**टंडवा।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएसन चतरा जिला इकाई की बैठक शनिवार को टंडवा रुक्मिणी होटल में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मामून रशिद, संचालन जिला महासचिव विनय सिन्हा ने किया।बैठक में जेजेए संस्थापक सह राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत समेत प्रदेश के पदाधिकारी और चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आंचलिक पत्रकार शामिल हुये।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी।तत्पश्चात संत थॉम विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।वहीं कार्यक्रम के आयोजक जेजेए टंडवा प्रखंड इकाई द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। बैठक में प्रदेश महासचिव सीयाराम शरण ने आज के दौर में पत्रकारिता के चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कहा कि आज पत्रकारिता करना आसान नहीं है कहने को तो हमे भारत का चौथा स्तंभ कहा जाता है। पर सच्चाई है कि आज हम कलमकारों तीनों स्तंभो न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका से भी संघर्ष करना पड रहा है। इस परिस्थिति में हम पत्रकारों को संरक्षण प्रदान कर रहा वो जेजेए संगठन है। पीडित व परताडित पत्रकारों के साथ खड़ा रहना मुख्य उदेशय रहा है रहेगा। प्रदेश पदाधिकारी संजय पाण्डेय ने कहा की जेजेए आंचलिक पत्रकारों के हित में कार्य करने वाली पहली पत्रकार संगठन है, जो पत्रकारों के लिए संघर्ष स्थापना काल से कर रही है। स्थापना काल से अभी तक सैकड़ों पत्रकारों को मदद पहुंचाई है। चाहे वो कोरोना काल हो या झुठे मुकदमे में फसाने की मामला हर मोड पर सारथी बनकर खडा हुआ है।चतरा जिला ईकाई को मजबूत बनाने को लेकर इटखोरी प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर सिंह, मयूरहंड मुन्ना कुमार, गिद्धोर घनश्याम दास, सिमरिया शिव कुमार सिंह, पिपरवार नरेश चौरसिया एवं लावालौंग में मोहम्मद शाजीद को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत ने कहा कि जेजेए एक ऐसा पत्रकार संगठन है जो लोकतांत्रिक तरीके से पदाधिकारी व सदस्यों को चयन करती है।संगठन संचालन में पूरी तरह से पार्दशिता बरती जाती है। मंच के माध्यम से उन्होने घोषणा करते हुए कहा कि जेजेए आंचलिक पत्रकारों के लिए जागरुक पत्रकारिता को लेकर कार्यशाला का आयोजन करेगी ताकि पत्रकारों को कार्यशाला के माध्यम से पत्रकारिता का कोड ऑफ कंडकट की जानकारी हासिंल कर सकें।आज पत्रकारों को आए दिन झुठे मुकदमे व अन्य में फसांया जा रहा है। जिसे लेकर निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान को लेकर जेजेए लिगल सेल की ब्यवस्था कर रही है। जिसके लिये एक कमिटी गठन कर रही जिसमें रिटायर जज व पांच वकिल शामिल होंगें।

जो जिला कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट तक पत्रकारों को कानूनी सलाह व मदद पहुंचाएगी। इसके अलावा राजेंद्र प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज में पत्रकारों को मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जेजेए एक प्रतिनिधि मंडल नियुक्त करेगी। ताकि झारखंड के किसी भी जिले से इलाज के लिए आने वाले पत्रकारों को लाभ पहुंचाया जा सके।

## टाटानगर रेलवे स्टेशन में अज्ञात वृद्ध का शव बरामद, जांच में जुटी जीआरपी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में अज्ञात वृद्ध का शव मिलने सर सनसनी फैल गई। शनिवार को जानकारी मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुच कर जांच में जुट गई। बताया जा रहा है मृतक के पैर पर चोट का निशान है। फिलहाल जीआरपी के पदाधिकारी इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।

## सिदगोड़ा पुलिस ने फरार कार्तिक मुंडा के घर में चिपकाया इश्तेहार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ओल्ड सीतारामडेरा निवासी कार्तिक मुंडा बीते कई वर्षों से फायरिंग व आर्म्स एक्ट के मामले में फरार है। शनिवार को सिदगोड़ा पुलिस के द्वारा आरोपी के घर मे इश्तहार चिपकाया गया। पुलिस की टीम ढोल नगाड़ा के साथ कार्तिक मुंडा के आवास पहुंची। जहां इश्तहार चिपकाकर जल्द कोर्ट में हाजिर होने को कहा। मौके पर सिदगोड़ा थाना के एएसआई ने बताया कार्तिक मुंडा के नाम पर सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में फायरिंग व आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज है। नवंबर 2017 में कार्तिक के द्वारा चंद्रगुप्त सिंह के घर के बाहर फायरिंग की थी। घटना के बाद से वह फरार है। पुलिस कई बार उसके घर पर छापेमारी की। फिलहाल माननीय न्यायालय के आदेश पर कार्तिक को 30 सितंबर तक कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश है।

## समाजसेवी सीके पांडेय ने रक्तदान कर बच्चे की बचायी जान, परिजनों ने जताया आभार

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी निवासी समाजसेवी सह जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पाण्डेय ने अपने जीवन का 40 वां बार रक्तदान कर सतगावां कोडरमा निवासी 5 वर्षीय अंशु कुमार पिता मुकेश रविदास की जान बचाई। इस कार्य के लिए परिजनों ने जहां आभार जताया वहीं सोशल मीडिया पर लोगों ने प्रशंसा जाहिर की। विदित हो सीके पाण्डेय मैथमेटिक्स के जाने-माने शिक्षक हैं। और समाज सेवा के लिए क्षेत्र में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहें हैं। इसलिए लोगों में इनकी अलग पहचान है। वहीं युवाओं को खेल प्रतियोगिता के लिए हमेशा प्रेरित करते रहते हैं। सीके पाण्डेय ने अपने जीवन में 40 बार रक्तदान किया है। उन्होंने बताया कि रक्तदान कर दुसरों को जिंदगी मिले तो मनुष्य को वह कार्य करना चाहिए। रक्तदान से शरीर कमजोर नहीं होता है। बल्कि शरीर में नई रक्त का निर्माण होता है। उन्होंने लोगों से रक्तदान करने की अपील की।

# 'फुटबॉल फीवर' में जकड़ा गढ़वा, प्रतियोगिता आज से

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गढ़वा जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन 10 सितंबर को 12 बजे किया जायेगा। प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 18 सितंबर तक किया जायेगा। इस दौरान 23 मैच का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसकी जानकारी चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती के हॉल मे आयोजित एक प्रेस र्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम न सचिव आलोक मिश्रा ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों के फुटबॉल खिलाड़ी भाग लेंगे। उद्घाटन मैच गढ़वा बनाम चतरा के बीच खेला जायेगा। उद्घाटन मैच का आयोजन रामासाहू स्टेडियम में अपराह्व 2:00 बजे से किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि तीनों अनुमंडल रंका, नगरऊंटारी और गढ़वा अनुमंडल मिलकर नौ प्रखंडों में मैच के आयोजन किया जायेगा। सभी मैचों का संचालन रेफरी सह मैच कमिश्नर मोहम्मद फरीद और मोहम्मद साजिद अहमद की देखरेख में आयोजित किया जायेगा।

## झामुमो कंचनपुर पंचायत युवा मोर्चा कमेटी का गठन, विजय कुमार भुइयां बने अध्यक्ष



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत भवन में शनिवार को झामुमो गढवा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन और पर्यावरण विभाग श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू की अध्यक्षता में झामुमो कंचनपुर पंचायत युवा मोर्चा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार भुईयां को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि राजीव कुमार ठाकुर को सचिव , गणेश भुईयां एवं अभिनव ओझा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। तथा जितेंद्र कुमार यादव, सत्येन्द्र राम, दीपक कुमार चंद्रवंशी, अवधेश चंद्रवंशी, विजय शंकर सिंह, कन्हाई यादव, सफीक अंसारी को उपाध्यक्ष और सताइस सदस्यों का चयन किया गया है। इस अवसर पर रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, रंका युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, पूर्व उप मुखिया रावत यादव, किशोर कुमार ओझा, केश्वर सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## स्व रामनाथ केशरी की पुण्यतिथि पर मजदूरों के बीच गमछा का वितरण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ग्रुप के उपाध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ और उनके भाई शिव बाबू सर्राफ के सौजन्य से उनके पिता स्व रामनाथ केशरी के पुण्यतिथि पर दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा का वितरण मुख्य पथ पर स्थित दीपक इलेक्ट्रिक के पास किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जायन्ट्स के पदाधिकारियों ने कहा की पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच गमछा का वितरण करना पूण्य का काम है। जायन्ट्स परिवार हर मौके पर जरूरत मंदो की सेवा में आगे रहता है। इस अवसर पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता, यूनिट 2 डायरेक्टर मनोज केशरी रूपा गंजी, ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, ग्रुप के प्रशाशनिक निदेशक चंद्र भूषण सिन्हा, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी आदि जायन्ट्स सदस्य और गणमान्य लोग मुख्य रूप उयस्थित थे।

## बिजली की लचर व्यवस्था के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड में इन दिनों बिजली की लचर व्यवस्था के विरोध में बिजली ग्रिड कांडी के समक्ष शनिवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना की अगुआई जिला परिषद उत्तरी भाग सुषमा कुमारी ने किया। धरना प्रदर्शन में प्रखंड के 16 पंचायतों के सभी गांवों की जनता शामिल थे। धरना प्रदर्शन में उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं ने पाँच सूत्री मांग पत्र विद्युत उप महाप्रबंधक के नाम प्रतिनियुक्त डंडा अधिकारी शाहिद अंसारी को सौंपा। मांग पत्र में प्रखंड के सभी पंचायतों में तीन-तीन बिजली मित्र की बहाली सुनिश्चित कराने,बिजली मीटर बिल में भारी गड़बड़ी में तत्काल सुधार कराने, सभी किसानों के खेतों तक ट्रांसफार्मर लगा कर तार व पोल उपलब्ध कराने व वर्षों पुराना लगे पोल पर 11 हजार वोल्ट की लगी विद्युत तार को बदलकर नए तार लगवाने की मांग शामिल है। वंही जिला पार्षद सुषमा कुमारी ने बताया कि मांग पत्रों से बिजली की विधि व्यवस्था में सुधार नही होती है तो बिजली उपभोक्ताओं द्वारा कभी आंदोलन का रुख अपनाया जा सकता है। वंही जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा लगातार मनमानी किया जा रहा है, जिसकी खामियाजा बिजली उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन




गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के द्वारा व्यवहार न्यायालय गढ़वा एवं अनुमंडलीय न्यायालय नगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत सफल रहा जिसमें बैंक से संबंधित 185 वाद अपराधिक सामान्य के 513 वाद बिजली से संबंधित 56 वाद मोटर वाहन अधिनियम के तहत 16 वाद कुटुंब न्यायालय से 41 वाद ई एक्ट से 3 वाद विभिन्न अनुमंडल उपभोक्ता नगर परिषद आदि से 4998 वाद अस्थाई लोक अदालत से 397 कुल 6209 वाद का निष्पादन किया गया। जिसमें कुल 3 करोड़ 31 लाख 89190 रुपया की वसूली हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन में न्यायालय कर्मी भृगु राम अमर कुमार श्याम बिहारी सुमित्रा देवी पीएलबी सूर्यदेव चौधरी और राजेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## डेवलपमेंट प्लान को लेकर उपायुक्त ने सरकारी योजनाओं के कार्य की समीक्षात्मक बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला के बड़गढ़ प्रखंड अंतर्गत टेहरी पंचायत में बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्लान को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा समीक्षात्मक बैठक की गयी। तत्पश्चात प्रखंड सह अंचल कार्यालय भंडरिया में भी प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती और अंचल अधिकारी मदन महली समेत विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, महिला पर्यवेक्षिका समेत अन्य कर्मियों के साथ भंडरिया एवं बरगढ़ प्रखंड में चलाये जा रहे सरकारी योजनाओं के कार्य प्रगति को लेकर समीक्षा किया गया। मनरेगा, आवास, सर्वजन पेंशन, केसीसी, वन अधिकार पट्टा, बाल विकास, शिक्षा, स्किम कम्पलीसन, स्वास्थ्य, पोषण व आधार सीडिंग समेत अन्य विषयों पर समीक्षा की गयी। अंचल अधिकारी भंडरिया द्वारा बताया गया कि 17 मुसहर परिवारों के लिए भूमि चिन्हित कर ली गयी है जिन्हें जल्द ही आवास का लाभ देकर लाभान्वित किया जायेगा। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भंडरिया का भी औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान वार्डन समेत छात्राओं से उनकी शिक्षा व्यवस्था और अन्य समस्याओं पर बातचीत की गयी। सामान्य शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा, खेल विकास, आवासन आदि अन्य विषयों पर स्कूली छात्राओं के बाल संसद द्वारा बात करते हुए स्थिति की जानकारी ली गयी। सभी छात्राओं द्वारा विद्यालय की प्रबंधन व्यवस्था ठीक बताई गयी। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा विद्यालय की छात्राओं के लिए उनके सेहत में सुधार और फिट रहने हेतु जिम की व्यवस्था करने की बात कही गयी। साथ ही छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और अपने देश का नाम रोशन करने हेतु हौसला अफजाई की गयी।

## विश्रामपुर में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत भवन के मैदान में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों का हुजूम उमड़ा। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, भाजपा नेता जवाहर पासवान, मुरारी यादव सहित अन्य अतिथियों ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। वहां से काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोटर साइकिल जुलूस से विश्रामपुर तक आगवानी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा सहित राज्यभर में सरकार नाम की कोई चीज नही है। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि आखिर अयुब मंसूरी हत्याकांड का राज्य सरकार क्यों नहीं सीबीआई जांच करा रही है। भैया जी ने अयुब हत्या कांड का जांच के लिए सीएम से क्यों नही अनुशंसा कराया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से गढ़वा में आयोजित बाबूलाल मरांडी की सभा में शामिल होने की अपील की।

## श्रीकृष्ण गौशाला कार्यकारिणी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** श्री कृष्ण गौशाला कार्यकारिणी समिति की बैठक श्री कृष्ण गौशाला समिति परिसर में संपन्न हुई। बैठक शायं पांच बजे से प्रारंभ होकर शायं सात बजे तक चली तथा बैठक की अध्यक्षता श्यामसुंदर प्रसाद एवं संचालन रमेश कुमार दीपक ने की। बैठक में काफी मंथन के बाद सर्वसम्मति से पांच प्रस्ताव पारित किया गया।

1. सचिव पद से रमेश कुमार दीपक का इस्तीफा अस्वीकार कर रमेश कुमार दीपक को सचिव पद पर बने रहकर गौशाला हित का कार्य करते रहने का निर्णय कार्यकारिणी समिति द्वारा लिया गया। बैठक मे अध्यक्ष, सचिव के अलावा मुख्य रूप से नंद कुमार गुप्ता, श्यामानंद पांडेय, डाक्टर डी ल्यू , घनश्याम प्रसाद ( पुतुल ), प्रवीण जायसवाल, अरविंद शर्मा, मंतोष, मृत्युंजय शौंडिक, शंकर मालाकार, सुरेश आदि लोग उपस्थित थे।

## विभिन्न दलों के एक हजार लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत भवन के मैदान में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा में झामुमो, राजद और विभिन्न दलों से छोड़कर एक हजार कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि गढ़वा में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। गरीबों का सुनने वाला कोई नही है। पूर्व विधायक लगातार क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से उठाकर उसका समाधान कराने का भरपूर प्रयास कर रहे है। भाजपा नेता प्रभात भुईया ने कहा कि देश और राज्य का विकास भाजपा ही कर सकती है। कृषि आशीर्वाद योजना गरीबों के पक्ष का योजना था। जिससे किसानों को काफी फायदा होता था।

## समस्या निवारण शिविर का आयोजन



बंशीधर नगर(आजाद सिपाही)। प्रखंड श्री वंशीधर नगर के जल क्रांति विश्राम गृह में कांग्रेस के कार्यकर्ता बैठक सह समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी के समक्ष करीब 50 लोगों का समस्या का आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें प्रखंड के 10 समस्या को संबंधित पदाधिकारी से टेलिफोनिक बात करके समस्या का समाधान तुरंत कर दिया गया बाकी समस्या का आवेदन प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष उपाध्यक्ष महासचिव ओम प्रकाश चौबे को दिया गया। जिसको एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान करने को कहा। कार्रवाई करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे त्रिपुरारी सिंह जिला सचिव दिवाकर चौबे, विस सूत्री उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी, गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी सदस्य वकील हसन इमाम, प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, राजू प्रसाद मंडल अध्यक्ष संतोष प्रकाश, रोहित पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
Email – dddopalamu@gmail.com Contact No- 8210813662

-: इच्छा की अभिव्यक्ति :-

वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान(इग्नू शिक्षार्थी सेवा केन्द्र 32023), धुर्वा, राँची के माध्यम से IGNOU द्वारा संचालित DDT एवं APDF प्रशिक्षण हेतु इस जिला के अभ्यर्थियों / पशुपालकों से दिनांक– ..................... तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण कार्यक्रम | वांछित योग्यता | प्रशिक्षण लक्ष्य | अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी (DDT) | 10+2 उत्तीर्ण | 02 | 01 वर्ष | Course fee का 50% IGNOU को देय राशि |
| 2 | अवेयरनेश प्रोग्राम इन डेयरी फार्मिंग (APDF) | प्रगतिशील डेयरी कृषक | 02 | 02 माह | |

नोंट– अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दिवस के उपरोक्त वर्णित तिथि में जिला गव्य विकास कार्यालय, सुदना, डालटेनगंज से मोबाईल सं0– 9835586928 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 306497 Animal Husbandry (23-24)_D

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, GARHWA**
(District Agriculture Office)
Website: www.garhwa.nic.in

Tender Reference No. Date

VERY SHORT NOTICE FOR INVITATION OF EXPRESSION OF INTREST

| | |
|---|---|
| EOI SUBMISSION PLACE | DISTRICT AGRICULTURE OFFICE, GARHWA |
| DATE OF PUBLICATION OF BID ON WEBSITE | 11-09-2023 |
| LAST DATE & TIME OF RECEIPT OF EOI | 21-09-2023 |
| DATE & TIME OF OPENING OF EXPRESSION OF INTEREST | 22-09-2023 |
| NAME & ADDRESS OF OFFICE INVITING | COMBINED AGRICULTURE BUILDING, PIPRA KALAN, GARHWA - 822114 |
| HELPLINE NUMBER | 8986656686, 6202524733 |

| SL. NO. | INFORMATION | DETAILS | ESTIMATED COST PER UNIT | UNIT | WORK COMPLETION PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NAME OF WORK | Supply, Installation and Technical Training of Animal Feed Manufacturing Unit | Rs. 6,50,000/- | 01 | 90 Days |

NOTE: For further information please visit website: www.garhwa.nic.in

PR.NO.306551 Agriculture(23-24):D District Agriculture Officer, Garhwa.

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**D.W.& S. Division Jhumritelaiya**

Notice No - **Very Short Quotation Notice** Date :-

Sealed Quotation is hereby invited from Registered Travel Agency for supply of Light motor vehicle /Bolero/Sumo/Scorpio on monthly basis with driver and fuel for D.W. & S. Division Jhumritelaiya for purpose of field visit /office work so as to reach the undersigned on 15.09.2023 up to 3.00 PM. The quotations will be the opened on the same day at 4:00 P.M in the presences of the quotationers or his authorized Person at that time.

| Sl no | Particular | Quantity | Unit | Rate inclusive all taxes |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Light motor vehicle (Bolero/Sumo/Scorpio ) | 1 | Each | |
| 2 | Fuel Average with AC | - | Per KM | |
| 3 | Fuel Average with Non AC | | Per KM | |

Terms and Condition

Rate must be quoted hire charge of vehicle and fuel per KM separately with A.C or Non A.C. Fuel rate will be variable as per current price. Monthly payment will be made as per availability of fund. Conditional quotation will not be accepted. The undersigned reserve the right to accept or reject any or all the quotations without any reason.

Executive Engineer
D. W. & S. Division, Jhumritelaiya

PR 306533Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Very Short Notice 3rd Call
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**54**/23-24 Dated **08.09.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for 4Lane configuration road for Chas–Chandankiyari-Raghunathpur (upto West Bengal Border) road including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, proposals for ROBs and elevated corridor, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, in the state of Jharkhand.. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no - 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 26 Km |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 12.09.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 21.09.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 22.09.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No. | 299290 Road (23-24) D |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .

PR.NO.306526 Road(23-24):D

# सरकार के कार्य और परिणाम, दोनों दिख रहे हैं: मंत्री मिथिलेश

## 56 करोड़ की लागत से 10 जर्जर सड़कों का होगा निर्माण, मिली स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा में लगभग 56 करोड़ रुपए की लागत से 10 जर्जर सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जायेगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इन सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जा रहा है। इन सड़कों में 12 करोड़, 71 लाख, तीन हजार, 400 रुपए की लागत से 21.75 किलोमीटर लंबी सड़क रंका प्रखंड में एनएच 343 सिकरदाहा से जोलांग ( बहाहरा स्कूल ) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, रंका-खपरो मुख्य पथ से सेवाडीह मुख्य पथ वाया छात्रावास श्मशान घाट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, 13 करोड़, 92 लाख , 69 हजार, 900 रुपए की लागत से 16.455 किमी रामकंडा प्रखंड में चुटिया बलीगढ़ पीएमजीएसवाई पथ दुर्जन से रामकंडा भंडारिया पीडब्ल्यूडी पथ बैरिया भाया बरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, मेराल प्रखंड में एल0 28 से बोकेया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, 14 करोड़, 87 लाख, 56 हजार, तीन सौ रुपए की लागत से 19.23 किमी मेराल प्रखंड में टी 02 से गेरुआसोती से कोटाम तक, रामकंडा प्रखंड में एल 021 सबाने से चुपरी तक, एल 031 उदयपुर से पुनदाग तक, रंका-रामकंडा पीडब्ल्यूडी पथ केरवा से गासेदाग पीडब्ल्यूडी पथ वाया कुटी तक, मेराल प्रखंड में एल 054 टी 04 से अधौरी तक तथा 14 करोड़, 62 लाख, 22 हजार तीन सौ रुपए की लागत से 18.48 किलोमीटर टी 04 चिनिया खुथुआ मोड़ पीडब्ल्यूडी रोड बंदू से दुधवल कनहर नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जायेगा।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की काफी लंबे समय से जर्जर हो चुकी इन 10 सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके सुदृढ़ीकरण से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में बेहतर विकास कार्य कर रही है। सरकार के कार्य और परिणाम दोनों धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि विपक्ष के लाख हथकंडा अपनाने के बावजूद डुमरी की जनता ने सरकार के कार्यों का उचित परिणाम दिया है।

## कार्रवाई : दसाय पूर्ति का रहा है पुराना आपराधिक इतिहास: खूंटी एसपी

# पीएलएफआइ का कुख्यात उग्रवादी दसाय पूर्ति हथियार सहित गिरफ्तार

**लेवी के 5200 रुपये, चंदे की रसीद, कारतूस और जरूरत के सामान जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गए उग्रवादी की जानकारी देते एसपी अमन कुमार व अन्य।

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के कुख्यात उग्रवादी दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े को शुक्रवार की देर रात मुरहू थाना के एतरे अलटंडा के जंगल से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी कट्टा, 8 एमएम के छह कारतूस, वॉकी टॉकी हेड सेट, पीएलएफआइ के चंदा की रसीद, लेवी के रूप में वसूले गए 5200 रुपये नकद और दैनिक उपयोग के सामान आदि बरामद किये गये हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने दी। वे शनिवार को एसपी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ का एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ राड़ूंग बोदरा उर्फ लंबू अपने दस्ता के सदस्यों के साथ मुरहू थाना क्षेत्र के उरीकेल, तपिंगसेरा, एतरे के जंगली क्षेत्र में भ्रमणशील है। वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) रमेश कुमार के निर्देश और खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में खूंटी जिला पुलिस बल, क्यूआरटी सीआरपीएफ 94 बटालियन, खूंटी जिला पुलिस के पदाधिकारी और सशस्त्र बल को मिलाकर संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने मुरहू थाना क्षेत्र के एतरे टोला अलटंडा के जंगल में सर्च अभियान के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जबकि अन्य लोग भागने में सफल रहे। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ में उसने अपना नाम दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े बताया, जो मुरहू थाना क्षेत्र के एतरे का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि पूछताछ में दसाय पूर्ति ने बताया कि पीएलएफआइ के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू द्वारा उसे क्षेत्र की देखरेख करने और लेवी वसूलने की जिम्मेदारी सौंपी थी। टीरा बोदरा के कहने पर कई घटनाओं में वह शामिल था।

### मुरहू, खूंटी, नामकुम व बंदगांव थानों में हत्या समेत कई संगीन मामले दर्ज

एसपी ने बताया कि दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ मुरहु, खूंटी, नामकुम और बंदगांव थाने में हत्या, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं के तहत सात मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया की दसाय पूर्ति के खिलाफ मुरहू थाने में चार मामले दर्ज हैं। वहीं, छापामारी दल में क्यूआरटी सीआरपीएफ 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार, खूंटी के एसडीपीओ अमित कुमार, पुलिस निरीक्षक खूंटी अंचल शाहिद रजा, मुरहू थाना प्रभारी चूड़ामणि टुडू, पुलिस अवर निरीक्षक दिगंबर पांडेय, विष्णु कुमार, हवलदार लखी कुजूर आदि थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 8288 मामलों का निष्पादन, 8.16 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** नई दिल्ली राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर खूंटी जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 8288 मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान आठ करोड़ 16 लाख छह हजार 420 रुपये के राजस्व की वसूली हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए छह बेंचों का गठन किया गया। पहले बेंच में जिला जजा द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, अधिवक्ता मिलन कुमार दास और प्रेम प्रकाश होरो थे, जबकि दूसरे बेंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, अधिवक्ता कविता कुमारी और मदन मोहन राम शामिल थे। तीसरे बेंच में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, अधिवक्ता आशीष कुमार और अनुभा तिर्की, चौथे बेंच में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम तुषार आनंद, अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक और करम सिंह प्रमाणिक, पांचवें बेंच में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक और अधिवक्ता मनोज कुमार ठाकुर जबकि छठे बेंच में उपभोक्ता फॉर्म की अध्यक्ष रीता मिश्रा, सदस्य सुरेश कुमार राय और राधा रानी शामिल थे। लोक अदालत में दीवानी और फौजदारी न्यायालय के सभी सुलहनीय प्रकृति के मामले, बैंक ऋण, मोटर वाहन दुर्घटना, नगर पंचायत, परिवहन विभाग, वन विभाग और उत्पाद विभागों के मामलों के साथ ही बिजली संबंधित मामले पेश किए गये। जिसमें बड़ी संख्या में वादकारी, अधिवक्ता, पीएलवी आदि उपस्थित थे। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि लोक अदालत में छह बेंचों के माध्यम से 8288 मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें 160 ऐसे वारदात थे, जो न्यायालय में लंबित थे। सचिव ने बताया कि डालसा में विधि जागरूकता का स्टाल लगाकर अधिकारियों को उनके कानूनी हक और निःशुल्क न्याय के बारे में भी जानकारी दी गई। इस वर्ष अब तक खूंटी में तीन राष्ट्रीय लोक अदालतों का सफल आयोजन किया जा चुका है।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा ने किया मिट्टी संग्रह



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खखसीडीह बूथ नंबर 211 में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित हुआ। बतातें चलें कि पूरे भारत में हर घर पवित्र स्थल एवं धार्मिक स्थलों से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिट्टी संग्रहण किया जाना है जो दिल्ली कर्तव्य पथ भेजा जाएगा। पूरे देश के इस पवित्र मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण होगा। चंदन है इस देश की माटी तपोभूमि हर ग्राम है की उक्ति को सार्थक किया जाएगा। हर घर मिट्टी संग्रहण के दौरान कार्यकर्ताओं की ओर से भारत माता की जय, नरेन्द्र मोदी ज़िंदाबाद का नारा लगाया गया। मेरी माटी मेरा देश के हर घर मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम में रांची जिला प्रभारी विनोद सिंह, रांची जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा सहित महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, अमरजीत गोंझु, शिवनाथ गोंझु, गोविंद सिंह मुंडा, उदय महतो, बैजनाथ गोंझु, योगेन्द्र अहीर, सुधिर अहिर,सरस्वती देवी,सरला देवी रीता देवी, हरेकृष्ण अहीर और लखन अहिर आदि उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने की सीसीएल सीएमडी से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** राज्यसभा सांसद सह भारत सरकार कोल, स्टील माइंस एंड खान की पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी की सदस्य डॉ महुआ माजी ने सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी से मुलाकात की। यह मुलाकात बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित एक कार्यक्रम के दौरान हुई। इसकी जानकारी झामुमो नेता नंद किशोर सिंह चंदेल ने दी। उन्होंने बताया कि सांसद महुआ माजी ने खलारी-कोयलांचल के एनके एरिया अंतर्गत बंद पड़े करकट्टा भूमिगत खदान में लगी आग से आए दिन भू-धंसान, रिहायसी इलाके में आग, धुआं निकलना एवं निरंतर निकल रहे जहरीले गैस जैसी विभिन्न समस्याओं को लेकर विशेष बातचीत हुई। इस दौरान राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने सीएमडी रेड्डी को अति संवेदनशील मामले को खुद प्रमुखता देकर भौतिक सर्वेक्षण करने, जल्द से जल्द इन सभी मामलों को निष्पादित करने में जो भी बेहतर उपाय हो जनता के हित में वह तत्काल व्यवस्थित करने एवं करकट्टा भूमिगत खदान में लगे आग से जो भी लोग प्रभावित हैं उन्हें सरकारी एवं औद्योगिक नीति के तहत लाभ देते हुए तत्काल विस्थापित कराने को कहा। इस पर सीसीएल के सीएमडी ने राज्यसभा सांसद को आश्वस्त किया कि इस पूरे मामले की जानकारी संबंधित पदाधिकारी से लिया जाएगा। साथ ही जल्द से जल्द निष्पादित करने का प्रयास किया जाएगा।

## 16 सितंबर से पांच अक्टूबर तक चलेगा घर-घर टीकाकरण अभियान

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी लोकेश मिश्र के निर्देश पर जिला के सभी छह प्रखंडो में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की जा रही है। इसी कड़ी में विभिन्न प्रखंडों में शनिवार को हुई बैठक में मिशन इंद्रधनुष, एनीमिया मुक्त भारत और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने को लेकर कार्य योजना तैयार की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। जन संपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि 16 सितंबर से पांच अक्टूबर तक घर-घर टीकाकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें सभी सहिया, सेविका, एएनएम और नोडल शिक्षक उपस्थित रहेंगे। मिशन इंद्रधनुष की सफलता के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये गये।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### डेढ़ महीने के अंदर पकड़े गये एरिया कमांडर लंबू दस्ते के 17 उग्रवादी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पीएलएफआइ के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू दस्ते के 17 उग्रवादी पिछले डेढ़ महीने के अंतराल में पकड़े गये हैं। एसपी अमन कुमार ने शनिवार को बताया कि पीएलएफआई सुप्रीमो सहित अन्य हार्डकोर उग्रवादियों के पकड़े जाने अथवा मारे जाने के बाद बंदगांव थानांतर्गत जिकिलता गांव निवासी पीएलएफआइ के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ राड़ूंग बोदरा उर्फ लंबू संगठन को नये सिरे से सशक्त बनाने में जुटा है। वह नए-नए लड़कों को संगठन में शामिल करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन पुलिस ने डेढ़ माह के अंतराल में एरिया कमांडर लंबू दस्ते के 17 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उसके इस नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है। एसपी ने बताया कि एरिया कमांडर लंबू दस्ते के विरुद्ध पुलिस के लगातार सफल अभियान से उसके दस्ते का अस्तित्व अब समाप्ति की ओर है। एसपी ने जल्द ही एरिया कमांडर लंबू को भी गिरफ्तार कर लेने की बात कही।

### गोलीकांड के दो आरोपितों ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहर के महुआ टोली मैदान के पास विगत मंगलवार की शाम हुए गोली कांड में शामिल खूंटी थानांतर्गत रेवा गांव के नितेश कुमार और बड़ाईक टोली निवासी साहिल नायक ने खूंटी अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। जिसके बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि पुलिस ने गत गुरुवार को दो विधि विवादित किशोरों को निरूद्ध कर व उनके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल, मैगजीन और गोली बरामद कर इस गोलीकांड का खुलासा कर लिया था।

### सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों का सर्वे करा रहा प्रशासन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी लोकेश मिश्र के निर्देश पर खूंटी जिले के चिह्नित सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय और डे बोर्डिंग सेंटर में उपलब्ध आधारभूत संरचना-सुविधाओं का सर्वे कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए प्रखंडवार सर्वे दल का गठन किया गया है। जिसमें प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों द्वारा सर्वे के लिए चिह्नित 68 विभिन्न विद्यालयों डे बोर्डिंग सेंटर का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को विभिन्न विद्यालयों का सर्वे किया गया। विद्यालय में पेयजल, शौचालय, बिजली, सोलर पैनल, कक्षा, बच्चों की स्कूल में उपस्थिति, विद्यालय में पोषण वाटिका समेत कई बिन्दुओं की जांच की जा रही है। जिले के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। डीसी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी विद्यालयों में चरणबद्ध रूप से शिक्षण व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में प्रयास किये जायें। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में आधारभूत संरचना, शिक्षकों की उपलब्धता, बच्चों की उपस्थिति सहित अन्य गतिविधियों से संबंधित रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### विजय संकल्प यात्रा में शामिल हुए पिपरवार के भाजपाई

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के विजय संकल्प यात्रा में पिपरवार क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। जानकारी के अनुसार बचरा चार नंबर चौक से भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एक साथ नारेबाजी करते हुए भुरकुंडा के लिए रवाना हुए। मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि 2024 के चुनाव से पूर्व भाजपा की ओर से सभी विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विजय संकल्प यात्रा में कार्यकर्ताओं सहित आम जनता की भारी भीड़ उमड़ रही है और भाजपा को आपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहरायेगा और केंद्र के साथ राज्य में भी भाजपा की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो, संजय कुमार गंझु और उदय शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

### यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन केडीएच ब्रांच की बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन केडीएच ब्रांच की बैठक यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्रांच अध्यक्ष मो शमीम ने की। इसमें सचिव अरविंद कुमार ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर कई समस्याओं पर प्रकाश डाला। सदस्यता, मजदूरों का पद्दोन्नति, आवास मरम्मत आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। कहा गया कि अभी झारखंड के कई जिलों में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिसपर यूनियन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने जानकारी दी की प्रबंधन से बात हुई है डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जल्द ही फॉगिंग मशीन से कीटनाशक का छिड़काव किया जाएगा।

## बुंडू में घर-घर से संग्रह की गयी मिट्टी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के लिए बलिदान देने वाले जांबाज सेनानियों की याद में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत शनिवार को बुंडू नगर मंडल के बूथ संख्या 80 और 81 पर मंडल अध्यक्ष आलोक दास के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। देश के घर-घर से पवित्र मिट्टी कलश में एकत्रित कर दिल्ली में 'अमृत वाटिका' निर्मित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा रांची ग्रामीण जिला प्रभारी विनोद सिंह, रंजित लाहिरी, भाजयुमो रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल, जिला मंत्री गणेश कुम्हार, भास्कर मुखर्जी, दीपक साहू, रेखा देवी, किरण देवी, सुबोध मुखर्जी, शिवा गोस्वामी, नवीन जायसवाल, राजकुमार महतो, अरुण पाल, शिवकुमार घोष सहित पार्टी के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया एससी-एसटी-ओबीसी इम्प्लाइज कोऑर्डिनेशन काउंसिल की बैठक में 11 को डकरा में सेमिनार आयोजित करने का लिया निर्णय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी इम्प्लाइज कोऑर्डिनेशन काउंसिल की बैठक शनिवार को डकरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता तैयारी समिति के अध्यक्ष मिथिलेस पासवान एवं संचालन सचिव इकबाल हुसैन ने किया। डकरा ऑफिसर्स क्लब में 11 सितंबर को होने वाली सीसीएल स्तरीय कार्य समिति बैठक सह सेमिनार की सफलता पर गहन विचार विमर्श करते हुए तैयारी को अंनिम रूप दिया एवं जिम्मेवारी सौंपी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक अरुण उरांव, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त फागु बेसरा, पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह, आईएमओ चतरा गोपाल दास, सीसीएल जीएम पीएण्डआई आर रश्मि दयाल, मुफती अब्दुल्लाह, पूर्व निदेशक जाजुला गौरी सहित एनके पिपरवार, मगध आम्रपाली क्षेत्र आदि जगहों से इस सेमिनार लगभग 150 डेलीगेट शामिल होंगे। वहीं, सीसीएल, एनटीपीसी, बीएसएनएल, एग्रीकल्चर, पुलिस यूनिट, रिम्स, बैंक, एचईसी, झारखंड कर्मचारी संघ सहित सभी क्षेत्रो शामिल होंगे। बैठक में दिलीप पासवान, रामचंद्र, प्रेमचन्द्र महतो, मो इस्लाम, मो. रिजवान, अष्विन गंझू, रतन लाल आदि थे।

## युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत जंगल में पेड़ से लटकता मिला शव

**टयमारा (आजाद सिपाही)।** दशमफाल थाना क्षेत्र के तैमारा के दशमफॉल गांव निवासी स्वर्गीय पुरण बागति की बेटी अंजू कुमारी (28) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। शनिवार कीसुबह घर से दो किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित जंगल में कुसुम पेड़ पर दुपट्टा के सहारे फंदे से लटकता पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। मृतका तैमारा में एक सिलाई कंपनी में काम करती थी।

## राष्ट्रीय राजमार्ग से मिट्टी मोरम डालकर किया सड़क को जाम, लोगों की बढ़ी हुई है परेशानी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रांची-टाटा पथ पर कांची नदी के मुहाने पोडाडीह के पास एक सड़क को एनएचआई द्वारा मिट्टी मोरम डालकर बंद कर दिया गया है। इससे रोज दुर्घटनाएं हो रही है। कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। पिछले दो वर्षो से उक्त मार्ग बंद है जिससे एक ही सड़क पर फोर लेन की गाड़ी चल रही है। सरकार की ओर से इस दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। इससे लोगों में काफी आक्रोश है।

## ट्रांस्फॉर्मर जलने से चार दिनों से अंधेरा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रांची टाटा पथ पर संजीवनी पेट्रल पंप के निकट बिजली का ट्रांसफार्मर चार दिन पहले जल गया है। इससे वासीदा मोड़ के आसपास अंधेरा छाया हुआ है। सभी लोग परेशान हैं।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विधायक ने अपने पैतृक गांव से किया मिट्टी संग्रह

# लोगों में भारत माता के प्रति सम्मान जागृत करना ही अभियान का उद्देश्य : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



शहीद के पैतृक गांव से मिट्टी संग्रह करते विधायक कोचे मुंडा व अन्य।

**खूंटी।** विधायक कोचे मुंडा ने तोरपा विधानसभा क्षेत्र के अपने पैतृक गांव ममरला स्थित बूथा संख्या 82 में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को गांव के पाहनों और अन्य ग्रामीणों के साथ गांव की पवित्र मिट्टी को कलश में संग्रहित किया। इस कलश को रांची, बाद में दिल्ली भेजा जाएगा। विधायक ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन जांबाज स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। विधायक ने कहा कि देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में देश भक्ति और भारत माता के प्रति सम्मान जागृत करना है। उन्होंने कहा कि अमृत कलश यात्रा के तहत देश के हर कोने से 7500 कलशों में मिट्टी और पौधा लेकर दिल्ली भेजा जाएगा। इन 7500 कलशों में आनेवाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी, जो एक भारत श्रेष्ठ भारत की प्रतीक बनेगी। इस दौरान विधायक ने गांव के पाहनों और ग्रामीणों के साथ पौधारोपण भी किया। इस मौके पर सोमा पाहन, पउ पाहन, महतो पाहन, छोटन भेंगरा, मांगू भेंगरा, रवि भेंगरा, मसीह डहंगा, जूरा भेंगरा और मनिका देवी के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**विरोध : आक्रोशित ग्रामीणों ने दो घंटे तक पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर किया प्रदर्शन**

# लेस्लीगंज में प्रेम प्रसंग में विधवा की हत्या, विरोध में सड़क जाम

- खबर पाकर मौके पर पहुंचे विधायक-जिप सदस्य और थाना प्रभारी
- आश्वासन के बाद जाम हटा

## अपराधी को चिह्नित कर 24 घंटे में गिरफ्तार करें: विधायक


सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करते ग्रामीणों को समझाते विधायक व पुलिस।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी निवासी दिवंगत संतु पाल की पत्नी मीना कुंवर की हत्या प्रेम प्रसंग में होने की आशंका जाहिर की जा रही है। मीना की हत्या कर शव को सतबरवा थाना क्षेत्र के तुबांगाडा में फेंक दिया गया था। परिजनों के अनुसार मीना सोमवार को एसबीआई बैंक के पास से गायब हो गई थी। इस सिलसिले में उसके परिजनों ने लेस्लीगंज थाना में सनहा दर्ज कराया था। इस बीच विगत बुधवार को महिला का शव बुधवार को तुमबागड़ा के नजदीक से सतबरवा पुलिस ने बरामद किया था। शव सड़-गल गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया था। रिम्स अस्पताल से शव लेकर लौटने के बाद ग्रामीणों ने शनिवार को स्टेट हाईवे को कुंदरी के अंबेडकर चौक के नजदीक जाम कर दिया। परिजनों ने गांव के ही मनु पाल पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि एसबीआई के मुरूबार शाखा से महिला ने 20 हजार रुपये की निकासी की थी। इसके बाद मनु पाल ने बहला फुसलाकर ले जाकर उसकी हत्या कर दी। परिजनों का आरोप था कि मोनु पाल हमेशा घर आकर धमकता था। उधर, हत्या के विरोध में स्टेट हाईवे दो घंटा तक जाम रहा। इसकी सूचना पाकर बीडीओ अनिल कुमार, थाना प्रभारी गौतम राय मौके पर पहुंच गए। बीडीओ ने तत्काल 10 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की। जाम का नेतृत्व मंटू पाल, विनोद राम, कमलेश सिंह आदि कर रहे थे। थाना प्रभारी गौतम राय ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। दूसरी ओर, मौके पर पहुंचे विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि पुलिस 24 घंटा के अंदर विधवा महिला की हत्या करने वाले अपराधी को चिन्हित कर गिरफ्तार करने। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों के स्तर से सभी बात सामने आ चुकी है। ऐसे में अपराधी का बचाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि चार बच्चे अनाथ हो गए हैं। उनकी पढ़ाई और जिविकापार्जन की समूचित व्यवस्था करने का वह प्रयास करेंगे। उन्होंने तत्काल सहायता के रूप में परिजनों को 20 हजार दिए। वहीं, जिप सदस्य विजय राम ने प्रशासन से अपराधी को गिरफ्तार करने व मृतक के तीन पुत्री व एक पुत्र के भरण पोषण की व्यवस्था की मांग की।

# शराब मांगने पर हुई थी युवक की हत्या

**उद्भेदन : नशे की हालत में गला घोंटकर की गयी थी हत्या, दो गिरफ्तार**

हत्या में शामिल बाकि आरोपी भी जल्द होंगे सलाखों के पीछे

आजाद सिपाही संवाददाता

**ऊंटारी रोड/पलामू।** थाना क्षेत्र के लकड़ही गांव के रहने वाले शिवपति रजवार( 26) की हत्या शराब पीने को लेकर हुए विवाद में दोस्तों ने ही कर दी। शिवपति का शव बुधवार को उसके घर के बाहर से ही बरामद किया गया था। गला दबाकर हत्या करने के बाद दोस्तों ने इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया था। शव को रात के अंधेरे में घर के पास लाकर शिवपति के पहने गए शर्ट को खोलकर उसी से एक तार में लटका दिया था। इस मामले का खुलासा पुलिस ने शुक्रवार को कर दिया। मृतक के पिता अयोध्या रजवार ने चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें से पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दो युवक गुड्डु रजवार व श्रवण रजवार को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो युवकों ने हत्या की पूरी कहानी बता दी। आरोपितों की मानें तो शिवपति अपने दोस्तों के साथ मंगलवार की देर रात तक गांव में ही महुआ शराब पिया था। शराब पीने के बाद भी वह अपने दोस्तों से एक बोतल और शराब पिलाने की जिद कर रहा था। इसी को लेकर दोस्तों के साथ विवाद हो गया। नशे के हालत में दोस्तों ने शिवपती रजवार को गांव से बाहर ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दिया। हत्या करने के बाद हत्यारों ने गांव में बिजली कटने का इंतजार किया। जब लाईट कट गया और अंधेरा हो गया तब आरोपियों ने शव को उसके दरवाजे पर ले जाकर उसके ही शर्ट से कपड़ा सुखाने वाले टंगना के सहारे लटका दिया।एसआई रमेश चंद्र महतो ने बताया की बाकी के आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विहिप-बजरंग दल ने फूंका स्टालिन व राजा का पुतला



आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने लेस्लीगंज गांधी चौक पर उदय निधि स्टालिन एवं ए राजा का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराया। मौके पर भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि सनातन धर्म हजारों वर्ष से स्थापित है। सनातन एक संस्कृति है एक जीवन पद्धति है। इसे कोई नहीं मिटा सकता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र इस कृत पर तत्काल उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उदय निधि स्टालिन एवं ए राजा का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि घमंडियां गठबंधन का 2024 में सफाई हो जाएगा। इसके पूर्व नया बाजार चौक से पुतला के साथ कार्यकर्ता गांधी चौक पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी,उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी,वीरेंद्र कुमार,अवध किशोर राय,आकाश सिंह,विश्व हिंदू परिषद के गोविंद मिश्रा, बजरंग दल के सौरभ वर्मा, रोशन मेहता,राजीव सिंह,सूरज तिवारी,पिंटू सिंह,अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

# निर्वाचन संबंधी कार्यों को मिशन मोड में निष्पादित करें : उपायुक्त



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को ऑनलाइन मोड में निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पाया कि बीएलओ द्वारा घर-घर वेरिफिकेशन कार्य की ऑनलाइन प्रविष्टि तेज गति से निष्पादित हो रही है। उन्होंने इस कार्य को समय पर समाप्त करने पर बल दिया। वहीं सत्यापन के क्रम में मृत मतदाताओं का डेथ सर्टिफिकेट जारी कर संबंधित मृत मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से हटाने की भी समीक्षा की गयी इसपर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी बीडीओ को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर उनके की ओर से दिये गये मृत मतदाता की सूची के अनुरूप संबंधित मृत मतदाता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप प्रपत्र-6 की प्राप्ति की जांच के बाद ही संपादित करने बार बल दिया। उन्होंने सभी तरह के दावा-आपत्ति प्रपत्रों यथा 6, 7, 8 जो 31 हजार से अधिक लंबित हैं,इन सभी को मिशन मोड में निष्पादन करने की बात कही। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को सुपरवाइजर व बीएलओ द्वारा किये जा रहे भौतिक सत्यापन के कार्य का नियमित अनुश्रवण करने की बात कही। इस मौके पर एनआईसी के सभागार में अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु जुड़े थे वहीं सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ऑनलाइन मोड में जुड़े रहे।

# आइडी कोड के माध्यम से बनाया जायेगा सहिया का गोल्डन कार्ड: डॉ राजेंद्र

विश्रामपुर सीएचसी में चिकित्सा प्रभारी ने स्वास्थ्य सहिया के साथ की बैठक, लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने शनिवार को स्वास्थ्य सहिया के साथ बैठक की। जिसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने के प्रक्रिया को और तेज करने पर जोर दिया गया। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर सहिया साथी को प्रशिक्षण भी दिया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि सहिया के आईडी कोड के माध्यम से गोल्डेनकार्ड बनाया जायेगा। कार्ड बनवाने के लिए विश्रामपुर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रक्षेत्र में पंचायत वार कैंप लगाया जायेगा। इसके अलावा नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में भी गोल्डन कार्ड बनवाया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर संबंधित कर्मी घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का कार्ड बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी कर्मियों को एक दिन में कम से कम 25 लोगों का गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए सभी एएनएम, एम्पीडब्ल्यू, सीएचओ और सभी सहिया साथी को निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं सभी स्वास्थ्य सहिया को जागरूक करेंगे और प्रतिदिन अपना रिपोर्ट संबंधित ब्लॉक प्रशिक्षक को देंगे। डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि इस कार्य में कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। हमारा प्रयास है कि सरकार का स्वास्थ्य संबंधी हर महत्वाकांक्षी योजना जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों व समाज सेवियों से इस कार्य में सहयोग करने का अपील भी की। इस मौके पर बीपीएम पंकज कुमार पांडेय, बैम पंकज सिंह, आयुष्मान मित्र राजेंद्र सोनी सहित ब्लॉक प्रशिक्षक समेत कई स्वाथ्यकर्मी मौजूद थे।

## चेहरा बदलकर घूम रहे लोगों को पहचानने की जरूरत : दीपक

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पचमो ग्राम में नवयुवक संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पंसस दीपक गिरी व संगठन के अध्यक्ष अमित यादव ने संयुक्त रूप से किया। दीपक गिरी ने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी हिन्दुओं का पावन त्योहार है। आज समाज में नैतिकता का इतना ह्रास हो रहा है कि लोग अपनों को भी पहचानने में भूल कर रहे हैं। पर हमें सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक होना होगा। तभी हम अपने अस्तित्व को बचा पाएंगे।

# स्वच्छता ही स्वास्थ्य जीवन का मूल मंत्र है: रविंद्रनाथ उपाध्याय



माउंट टेरा पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया पौधारोपण

स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक ने पौधारोपण व संरक्षण की शपथ दिलायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडार स्थित माउंट टेरा पब्लिक स्कूल परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत शनिवार को पौधारोपण किया गया। भाजपा स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक रविंद्र नाथ उपाध्याय ने खुद भी फलदार पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य जीवन का मूलमंत्र है। स्वच्छता के लिए सभी को जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने स्कूल के बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों को पौधारोपण और उसके संरक्षण के लिए शपथ भी दिलवाया। कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। पौधारोपण के साथ ही उनका संरक्षण भी करना होगा, ताकि पौधा बड़ा होकर वृक्ष बन सकें, जिससे लोगों को फल और छाया दोनों का लाभ मिले। इस मौके पर स्कूल के निदेशक विनोद पांडेय, शिक्षाविद अशोक पांडेय, नारद पांडेय, रमाकांत पांडेय, प्राचार्य प्रीति पांडेय, प्रबंधक वेद प्रकाश पांडेय, शिक्षिका कविता कुमारी, ममता कुमारी, शालू दूबे, नीतू कुमारी, दिव्या सिंह, आरती कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, आरती चौबे, शुभम सिंह, राम आशीष कुमार, वीरेंद्र सिंह, प्रभु प्रजापति, रामराज प्रजापति आदि मौजूद थे।

# अल्पसंख्यक आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बने हिदायतुल्लाह, मिली बधाइयां



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** डुमरी उपचुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की शानदार जीत और हिदायतुल्लाह खान को अल्पसंख्यक आयोग का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हुसैनाबाद झामुमो कार्यकर्ताओं ने बझाई देते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। झामुमो के वरीय नेता डॉ एजाज आलम ने कहा कि डुमरी उपचुनाव में जनता ने बेबी देवी के पक्ष में मतदान कर आइएनडीआइए गठबंधन की जीत की शुरूआत कर दी है। साथ ही दिवंगत नेता टाइगर जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि भी दिया है। वहीं, हिदायतुल्लाह खान के अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनने से झारखंड में रहने वाले सभी अल्पसंख्यकों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड आंदोलनकारी से लेकर झामुमो के नेताओं-कार्यकर्ताओं को सम्मान देने में अग्रणी भूमिका रहती है।

## स्पोर्ट्स



भारत के पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने वन डे वर्ल्डकप की टिकट बुकिंग प्रक्रिया की कड़ी आलोचना की है



**चिंता : कहा- बीसीसीआइ को बेहतर सुविधाएं देनी चाहिए, ताकि स्टेडियम में असली फैंस आये**

# वर्ल्ड कप टिकट बुकिंग से ब्लैक मार्केट को मिला बढ़ावा : वेंकटेश प्रसाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने वनडे वर्ल्ड कप की टिकट बुकिंग प्रक्रिया की आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि बीसीसीआइ को बेहतर टिकट सुविधाएं देनी चाहिए, जिससे असली फैंस मैदान में आकर टीम को सपोर्ट करें। वर्ल्ड कप होस्ट करना नेशनल प्राइड की बात है, लेकिन हमने टिकट में ट्रांसपेरेंसी नहीं दिखाकर ब्लैक मार्केट को बढ़ावा दिया है।' वेंकटेश प्रसाद ने शनिवार शाम करीब 4 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दो ट्वीट पर बीसीसीआइ मैनेजमेंट की आलोचना की। उन्होंने शुक्रवार को एशिया कप में सिर्फ भारत-पाक मैच के लिए रिजर्व डे रखने के फैसले का भी विरोध किया था।



### हमने वर्ल्ड कप का बिल्ड-अप खराब किया

वेंकटेश प्रसाद ने लिखा है कि 'हमने वर्ल्ड कप के बिल्ड-अप को खराब कर दिया है। बिना किसी कारण से शेड्यूल में देरी होना, फिर पांच मैचों का शेड्यूल बदलना। इतना काफी नहीं था कि अब टिकट बुकिंग में ट्रांसपेरेंसी की कमी और बेहद धीमे सिस्टम ने पूरी तरह से ब्लैक मार्केट को बढ़ावा दिया है। वर्ल्ड कप होस्ट करना देश के लिए प्राइड मोमेंट है और फैंस के लिए भी टिकट बुकिंग प्रोसेस उतनी ही स्मूथ होनी चाहिए थी। लेकिन फैंस को जितनी परेशानी हुई, ये सोची समझी प्लानिंग लग रही है। हमें बोर्ड की इस अयोग्यता के खिलाफ आवाज उठानी ही होगी। प्रसाद ने आगे लिखा, 'हमारे पास एक अच्छी टीम है और टीम वर्ल्ड कप की दावेदार भी है। लेकिन स्टेडियम के अंदर सपोर्ट करने के लिए हमें असली फैंस चाहिए। उनके लिए सुविधा (टिकट बुकिंग) बहुत आसान और सरल होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। बीसीसीआइ को फैंस के लिए बेहतर सुविधाएं देनी चाहिए। वर्ल्ड कप के रूप में हमारे देश का प्रतिनिधित्व हो रहा है और देश के रूप में हम किसी भी लेवल पर कमजोर नहीं दिख सकते।'

### बीसीसीआइ को चार लाख एक्स्ट्रा टिकट निकालने पड़े

वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज मैचों के सभी टिकट बिक चुके हैं। कई फैंस ने कहा था कि टिकट बुकिंग वेबसाइट पर बहुत कम टिकट बिक्री के लिए रखे थे। जिस कारण वह टिकट बुक नहीं कर पाए। टिकट बिक्री का शुरूआती फेज 3 सितंबर को खत्म होने के बाद बीसीसीआइ ने 8 सितंबर को चार लाख एक्स्ट्रा टिकट रिलीज किए। लेकिन इसमें भी फैंस स्मूथ तरीके से टिकट नहीं खरीद सके। बतातें चलें कि भारत के सभी 9 ग्रुप स्टेज मैचों के टिकट बिक्री शुरू होने के कुछ देर बाद ही बिक गए। जिसके बाद खबरें आने लगीं कि ब्लैक मार्केट में भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट 19 से 57 लाख रुपए तक की कीमत में बिक रहे हैं। वेंकटेश प्रसाद ने टिकट के मुद्दों से पहले शुक्रवार को एशिया कप में सिर्फ भारत-पाक मैच के लिए रिजर्व डे रखने के फैसले का भी विरोध किया। उन्होंने कहा, 'किसी मल्टीनेशन टूनामेंट में सिर्फ एक मैच के लिए रिजर्व डे नहीं रखा जाना चाहिए। बाकी 2 टीमों को इस बात का विरोध करते हुए टूनामेंट का बॉयकॉट कर देना चाहिए।'

## भाजपा नगर मंडल और महिला मोर्चा ने किया मिट्टी संग्रह



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर मंडल व महिला मोर्चा द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय से मिट्टी संग्रह किया गया। जिसकी अगुवाई भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम आर्य ने संयुक्त रूप से किया। मिट्टी संग्रह विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के कई घरों से हुआ। बबन राम ने कहा कि मिट्टी को नमन,वीरों का वंदन मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत घर-घर जा कर मिट्टी संग्रह करना है। मौके पर महामंत्री मनीष कुमार, शिववंश मिश्रा, रजनीश चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामप्रवेश मेहता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह, महिला मोर्चा महामंत्री अर्चना देवी, बेबी देवी, संगीता देवी, रेखा देवी, शिव कुमारी देवी, गुड़ी देवी आदि थे।

# विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड विधानसभा के सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय व समिति के अन्य सदस्य शनिवार को मेदिनीनगर पहुंचे। यहां स्थानीय परिसदन भवन में समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की। जिसकी अध्यक्षता कर रहे समिति के सभापति सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, खनन विभाग, पर्यटन विभाग पुलिसिंग हाउसिंग, आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, भवन निर्माण विभाग उत्पाद विभाग, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग के तहत कार्पोरेशन के माध्यम से प्राप्त दवाइयों की उपयोगिता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कार्पोरेशन द्वारा उपलब्ध करायी गयी दवाइयों की मैन्यूफैक्चरिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट आदि के बारे में पूछा। साथ ही मेडिकल इक्विपमेंट की आवश्यकता, सदर अस्पताल में उपलब्ध सुविधायें, एंबुलेंस की अद्यतन स्थिति और उनका परिचालन आदि के बारे में जानकारी ली। सिविल सर्जन को बाहर से क्रय किये जा रहे दवाइयों को बंद करते हुए अपने सरकारी सिस्टम के सप्लाई को सुदृढ़ करने पर बल दिया। पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में जेटीडीसी भवनों की जानकारी ली। इसी तरह समिति द्वारा कई विभागों के कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव दिये गये। बैठक में डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।

# जोगता में कोयला तस्करों के बीच वर्चस्व को लेकर संघर्ष, गोलीबारी में एक युवक घायल, हालत गंभीर

**एक किशोर की मौत होने की सूचना, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है**

## आक्रोशित लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर किया जाम, पुलिस-प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** जोगता थाना क्षेत्र के सिजुआ 10 नंबर मोड़ में शनिवार की शाम कोयले के काले कारोबार में वर्चस्व कायम करने को लेकर तस्करों के दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी हुई, जिसमें एक युवक को गोली लगी है। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दूसरी ओर, घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सिजुआ सकलदेव सिंह चौक पर सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन






के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसकी सूचना पाकर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को काबू करने की कोशिश की। वहीं, गोली लगने वाले युवक की मौत की सूचना पर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। न ही किसी पक्ष ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत ही दर्ज करवाई है।

जानकारी के अनुसार सिजुआ मोड़ सकलदेव सिंह चौक पर शनिवार की शाम अवैध कोयला कारोबारियों के बीच 15 राउंड गोली चली। घटना में 17 वर्षीय साहिल खान नामक एक किशोर को गोली लगी है जिसे परिजनों ने किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत होने की सूचना फैलते ही आक्रोशित लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया। घटना को लेकर प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। वहीं, घटनास्थल पर काफी संख्या में लोगो की भीड़ जमी हुई है।

**दुखद : गोताखोर बुलाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने किया सड़क जाम, मौसी के घर आये थे घूमने**

# बराकर नदी में डूबने से भूली के युवक की मौत, ग्रामीणों ने एक को बचाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बराकर नदी में शनिवार की सुबह नहाने गए दो युवक के डूब जाने और प्रशासन द्वारा गोताखोरों को समय पर नहीं बुलाने से नाराज परिजन एवं स्थानीय लोगों ने चिरकुंडा बराकर को जोड़ने वाली ब्रिज को जाम कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर चिरकुंडा पुलिस के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। इसकी सूचना पाकर चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील



नदी से शव को बाहर निकालने गोताखोर-ग्रामीण।

कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जल्द ही गोताखोरों को बुलाकर डूबे युवकों को बाहर निकलवाने का आश्वासन दिया जिसके बाद आक्रोशित लोग माने और सड़क से हटे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक धनबाद के भूली निवासी गणेश दास और राजीव दास उर्फ छोटू चिरकुंडा के दास पाड़ा स्थित अपनी मौसी के घर आये थे। शनिवार की सुबह दोनों नहाने बराकर नदी गए थे। नहाने के क्रम में दोनों नदी में डूब गए। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों को डूबता देख बचाने में जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से गणेश दास को जिंदा बाहर निकाल लिया गया पर राजीव दास डूब गया। इसके बाद परिजन चिरकुंडा थाना पहुंचकर गोताखोरों को बुलाने की मांग करने लगे, लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी गोताखोर नहीं पहुंचे। इस पर परिजन एवं स्थानीय लोगों ने चिरकुंडा-बराकर पुल को जाम कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे गोताखोरों की मदद से छोटू उर्फ. राजीव दास के शव को नदी से बाहर निकाल लिया गया है।

# जश्रसं के पदाधिकारियों पर बिना किसी साक्ष्य-जांच के झूठे केस दर्ज कर रही पुलिस : रागिनी

**संवाददाता सम्मेलन कर बीसीसीएल व ठेकेदार पर पुलिस से मिलकर मजदूरों का शोषण का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बीसीसीएल प्रबंधन और ठेकेदार प्रशासन के साथ मिलकर सत्ता के दबाव में मजदूरों का शोषण कर रहे है। उन्हें डराया धमकाया जा रहा है। जो मजदूर नियोजन की मांग को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे हैं उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन मजदूरों की हक की लड़ाई लड़ रहे जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के पदाधिकारियों पर बिना किसी साक्ष्य और बिना जांच के पुलिस झूठे केस दर्ज कर रही है। उक्त आरोप जश्रसंघ की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह ने लगाया। वे शनिवार को गोधर गंसाडीह स्थित



जश्रसं समर्थकों के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करती रागिनी सिंह।

दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जश्रसं के पदाधिकारी गोलू रवानी के निर्दोश चाचा को बिना किसी जांच के पुलिस ने जेल भेज दिया। संगठन को बदनाम करने की साजिश की जा रही है, लेकिन जश्रसं मजदूर हित में सदैव लड़ती आई है और आगे भी अपनी लड़ाई जारी रखेगी। जब तक मजदूरों को उनका हक नहीं मिल जाता तब तक आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस मामले में धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार से मिलकर इन विषयों को उनके समक्ष रखेंगी और निष्पक्ष जांच की मांग करेंगी। मौके पर सुरेंद्र सिंह, बिट्टू उपाध्याय, सत्येंद्र केवट, कमलेश विश्वकर्मा, मुकेश पासवान, रामू पासवान, रवि पासी, नितेश रवानी, लक्ष्मी देवी, ज्योति देवी, नितेश यादव, शुभम कुमार, मुन्नी देवी, रीता देवी, सुंदरी उराव, रिंकी देवी आदि मौजूद थे।

## प्लांट में कार्य के दौरान सप्लाई मजदूर की मौत, छह घंटे तक शव रखकर प्रदर्शन



**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बोकारो थर्मल प्लांट के अंदर शनिवार की सुबह ड्यूटी के दौरान 55 वर्षीय डीवीसी सप्लाई मजदूर रामनरेश सिंह की मौत हो गई। वह कॉल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) में शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे सफाई का काम कर रहा था। सीएचपी प्लांट के सड़क व किनारे में काफी पानी जमा था जिसमे वह अचानक गिर गया और सिर में गंभीर चोट आ गई। जिससे वह अचेत हो गया। जबतक सहकर्मी एम्बुलेंस लेकर घटना स्थल पहुंचे राम नरेश की मौत हो गई। मृतक ठेकेदार केसी कंस्ट्रक्शन के आधीन काम करता था। उधर, घटना से आक्रोशित मजदूर यूनियन प्रतिनिधियों ने मुआबजा सहित नियोजन की मांग को लेकर प्लांट के अंदर ही शव रखकर आंदोलन शुरू कर दिया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची बोकारो थर्मल पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया, लेकिन मजदूरों के विरोध के कारण शव प्लांट के अंदर ही एम्बुलेंस में रखा रहा। बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रूपेंद्र कुमार राणा की पहल पर मजदूर प्रतिनिधियों एवं डीवीसी प्रबंधन के साथ प्लांट के सभागार में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें मृतक के परिजन को डीवीसी नियम के अनुसार मुआवजा राशि लगभग 18 लाख रुपये जिसमें ग्रेजुटी, ईपीएफ, बीमा, आदि लाभ मिलाकर देने पर सहमति बनी। इसके अलावे मृतक मजदूर के आश्रित को सप्लाई मजदूर के रूप में प्लांट में नियोजित देने पर भी सहमति बनी। लगे हाथ दाह संस्कार के लिए तत्काल 10 हजार रुपया परिजन को दिया गया। वार्ता में शामिल मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान एनके चौधरी, उप महाप्रबंधक बीजी होलकर सहित अन्य अधिकारियों ने सहारात्मक मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलन कर रहे मजदूर मानें और लगभग छह घंटों के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को ले जाने दिया। बोकारो थर्मल थाना प्रभारी रूपेन्द्र कुमार राणा ने बताया कि वार्ता के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। इस मौके पर बोकारो थर्मल थाना के एसआई विक्रांत मुंडा, भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव, एचएमकेयू के सचिव रामलाल पासवान, मासस के बच्चा सिंह, विस्थापित नेता बालेश्वर यादव, झामुमो के गणेश राम, यूसीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष बृजकिशोर सिंह, बलवंत सिंह व ठेकेदार कृष्णा आदि है।

## बेबी देवी की जीत के बाद जश्न और बधाई का सिलसिला जारी

**अलकडीहा (आजाद सिपाही)।** झरिया विधानसभा अंतर्गत जयरामपुर कोलियरी में सुखलाल मरांडी के नेतृत्व में बेबी देवी की डुमरी विधानसभा उपचुनाव में हुई जीत की खुशी में आइएनडीआइ गठबंधन के नेता-कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटकर बधाई दी। सुखलाल मरांडी ने कहा कि डुमरी विधानसभा की जनता की सेवा करते हुए स्व टाइगर जगरनाथ महतो के सपनों और उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का बीड़ा बेबी देवी ने उठाया था, जिसे वो पूरा करेंगीं। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजीव रंजन चौबे, उमाशंकर प्रसाद, आलोक कुमार, सुभाष मोदी, भागीरथ महतो, मानो, गोविंद माझी, सकलदेव सिंह, रामबाबू यादव, आरती मिश्रा, असीम मित्रा, मिथिलेश सिंह, जोगिंदर दास, अवधेश यादव, दुर्योधन बाउरी आदि उपस्थित थे।

## फर्जी प्रमाण पत्र से ठगे गये शिक्षयत्री को जिला कलेक्टर ने किया बर्खास्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** फर्जी प्रमाण पत्र के साथ सानखे मुंडी नामक शिक्षयित्री को पाटपुर पुलिस द्वारा पकड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबद थाने में मामला दायर किया गया है। शिक्षा विभाग ने फरार शिक्षयत्री के नाम पर थाने में एतला दिया था। जिसके बाद शिक्षयत्री फरार हो गए। इस संमृक्त शिक्षयत्री को जिलाधिकारी ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। मंदाकिनी नाहक गंजाम जिले के सानखे मुंडी ब्लॉक के पाटपुर थाने के अंतर्गत नेहुरू विद्यापीठ की शिक्षयत्री है। कटक बोर्ड ने कहा



है कि सर्टिफिकेट और मार्कशीट फर्जी हैं। 2012 से काम कर रही मंदाकिनी ने 2011 में युक्त दो सर्टिफिकेट दिया था। रेगुलर के लिए ओटीईटी परीक्षा देने और आवेदन करने के दौरान पता चला कि युक्त दो प्रमाणपत्र फर्जी हैं।

## राजा तालाब में मछली बिक्री केंद्र का उद्घाटन

**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब में मत्स्य विभाग की पहल पर शनिवार को मछली बिक्री केंद्र की शुरूआत हुई। जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण ने केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान धनबाद मत्स्य प्रसार पदाधिकारी संतोष उरांव समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। बता दे कि झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद सबसे बड़ा सवाल इस प्राचीन तालाब की देख रेख का था। पिछले कई वर्षों से स्थानीय लोगों की मांग थी इस तालाब में मछली पालन व बिक्री हो सके। ताकि मछुआरों को आर्थिक रूप से मजबूती व तालाब का साफ सफाई व देख रेख भी हो सके। मछली बिक्री केन्द्र की शुरूआत होने से मछुआरों में भी खुशी देखने को मिली। धनबाद मत्स्य प्रसार पदाधिकारी संतोष उरांव ने बताया कि स्थानीय समिति को 7 क्विंटल मछली का जीरा विभाग के तरफ से अनुदान में दिया गया था और 5 महीने पूर्व मछलियों के आहार की व्यवस्था की गई थी। मछलियों की बिक्री व पालन से मछुआरों को रोजगार उपलब्ध होगा। मत्स्यजीवी सहयोग समिति के देखरेख में मछली पालन किया जा रहा है।

**चिंता : आसपास है तीन हजार की आबादी, आग से डीसी रेल लाइन की दूरी 50 मीटर**

# अग्निप्रभावित बांसजोड़ा 6 व 12 नंबर में आग-गैस रिसाव से हुआ जीना दुभर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा 6 और 12 नंबर के बीच भूधंसान से आग व जहरीली गैस का रिसाव काफी बढ़ गया है। शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश से गैस के धुआं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आसपास के रहने वाले एक दूसरे को देख नहीं पा रहे थे। शनिवार को बारिश नहीं होने से गैस का रिसाव कम दिख रहा था। लेकिन आग और अलग-अलग जगहों पर भूधंसान की मोटी दरारें साफ बता रही है कि यहां के हालात अच्छे नहीं है। आसपास रहने वाले करीब तीन हजार आबादी सब कुछ जानकर भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। उन्में लगता है कि अगर आवाज उठाई तो उन लोगों को जगह खाली



करना पड़ेगा, जो उन्हें मंजूर नहीं है। भूधंसान 300 मीटर लंबा और 300 मीटर चौड़ाई में फैला हुआ है। दायरा इस कदर बढ़ा है कि हाईटेंशन पोल भी झुक गया है। बांसजोड़ा को जोड़ने वाली पक्की सड़क से सटा हुआ लम्बी व मोटी दरार से आग निकल रहा है। घर भी जमीदोंज हो सकती है। बताया जाता है कि यह आग पहले 13 नंबर सीम में लगी थी। तीन साल में यह आग अपना दायरा इस कदर बढ़ा लिया कि, अब यह 10 नंबर सीम तक जा पहूंचा है। कभी भी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। आसपास दो स्कूल है। जिसमें करीब 300 बच्चे बढ़ते हैं। स्कूल वाले भी बीसीसीएल से स्कूल को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग कर रहे है। दूसरी तरफ कोलियरी प्रबंधन स्कूल को हटाने के लिए पत्र लिख चुका है।

### क्या कहते है ग्रामीण

विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि ये जहरीली गैस है। आंख में चुभती है। सांस लेने में परेशानी होती है। डॉ रफीक अंसारी ने कहा कि इस गैस से बच्चों के स्वास्थ पर प्रतिकुल असर पड़ रहा है। व्यस्क भी सांस फुलना, आंख से पानी आना आदि की परेशानी लेकर आते है। फेफड़े में इसका असर होगा। त्रिलोकी मिश्रा ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन जल्द इस समस्या का समाधान करे। नागेंद्र शर्मा ने कहा कि जब बरसात होती है तो गैस का प्रकोप घरों तक पहुंच जाता है। जिससे रहना मुश्किल हो गया है। वहीं, बीसीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रंजय कुमार का मानना है कि यहां की स्थिति काफी भयावह है। रात-दिन लगातार गैस का रिसाव व आग निकल रही है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## कतरासगढ़ स्टेशन पर पांच ट्रेनों का शुरू हुआ पुनः ठहराव, आंदोलनकारियों ने मनायी खुशी



**कतरास (आजाद सिपाही)।** डीसी रेल लाईन के कतरासगढ स्टेशन पर पांच ट्रेनो का पुनः ठहराव शुरू होने होने से आंदोलनकारियों सहित आम नागरिकों में खुशी की लहर है। बतातें चले कि लंबे समय तक आंदोलन कर यहां के आम नागरिकों ने पुनः डीसी रेल लाइन चालू करने का दबाव बनाया जिस कारण वर्तमान में उक्त रेल लाइन चालू है। शनिवार से कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन पर वनांचल एक्सप्रेस, हटिया-पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, रांची-गोड्डा एक्सप्रेस, कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस, कोलकाता-मदार एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हुआ। जिसको लेकर कतरास गढ़ स्टेशन पर रेल आंदोलनकारियों ने खुशी मनायी। मिठाईया बांटी गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि कतरास की जनता ने रेल के लिए राजनीतिक झंडा को छोड़ कर तिरंगा के बैनर तले आकर एक साथ आंदोलन किया और सरकार ने बंद ट्रेनों को पुनः चालू कर दिया। अब रेल प्रबंधन से आग्रह है कि अन्य बंद ट्रेनों को भी जल्द से जल्द चालू करे। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद राजा, निमाई दा, परवेज इकबाल, विनय पासवान, उमेश ऋषि, नरेश दास, अजय सिंह, हैदर अली, दिनेश जेठवा, विजय पासवान, नसीरुद्दीन खान, अमीर खान, अख्तर हुसैन, मो. राजा, मो. बाले, धुरेंद्र कुमार, राहुल कुमार, गोपाल अग्रवाल, राम दास भुइया, सोमन बाउरी, विक्की, संजय, विष्णु राम आदि मौजूद थे।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हर साल 10 सितंबर को मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आत्महत्या को रोकने के लिए गैर सरकारी संगठन और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर एक साझा पहल की शुरूआत की थी। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर इस वर्ष की थीम कार्रवाई के माध्यम से आशा पैदा करना है। शनिवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की पूर्व संध्या पर सेक्टर 08/बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आत्महत्या रोकथाम पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी के रूप में कक्षा 09वीं, 10वीं, 11वीं 12वीं के छात्र शामिल हुए। प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। बोकारो जनरल अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग के सलाहकार मुख्य वक्ता डॉ अशोक दास ने बताया कि आत्महत्या एक मानसिक स्वास्थ्य समस्या है । किशोर आत्महत्या हमेशा एक कठिन विषय होता है जिसमें 18 साल से कम आयु के बच्चे परीक्षा में विफलता के डर के कारण मौत को गले लगा लेते हैं।

# जी 20 : दुनिया ने सराहा भारत के वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में मेहमानों का स्वागत करते हुए।

## सुनक ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए किया सतत विकास का आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दुनिया के शीर्ष नेताओं ने जलवायु मोर्चे सहित विश्व के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों से निपटने की तत्काल आवश्यकता होने का आह्वान किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि जी20 नेता वित्तीय संकट के बाद वैश्विक विकास को बहाल करने के लिए 15 साल पहले पहली बार एक साथ आए थे। हम अब अत्यधिक चुनौतियों वाले समय में मिल रहे हैं। दुनिया नेतृत्व प्रदान करने के लिए एक बार फिर जी20 की ओर देख रही है। मेरा मानना है कि हम मिलकर इन चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

### वैश्विक मुहिम के लिए एक कार्य बल बनाया जायेगा: सिल्वा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने कहा कि उनके देश की जी20 अध्यक्षता के दौरान जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक मुहिम के लिए एक कार्य बल बनाया जाएगा। हम शमन, अनुकूलन, हानि और क्षति तथा वित्तपोषण के बीच संतुलित जलवायु एजेंडे के साथ, ग्रह की स्थिरता और लोगों की गरिमा सुनिश्चित करते हुए 2025 में 'सीओपी 30' तक पहुंचना चाहते हैं।

## ब्रिटिश पीएम सुनक की पत्नी अक्षता ने फुटबॉल खेली

# बाइडेन ने मोदी से समझा कोणार्क चक्र

आजाद सिपाही संवाददाता

> जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज की आंख पर लगी चोट को लेकर उनका हालचाल जाना

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के 'भारत मंडपम' में जी-20 समिट में आये विश्व के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया। मोदी जिस जगह मेहमानों का स्वागत कर रहे थे, वहां बैकग्राउंड में कोणार्क मंदिर का सूर्य चक्र बना हुआ था। जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन वहां पहुंचे तो मोदी ने स्वागत किया। बाइडेन की नजर चक्र पर पड़ी तो पीएम उनका हाथ पकड़कर सूर्य चक्र के बारे में बताने लगे। बाइडेन भी उनकी बात सुनते नजर आये।

दो दिन की इस समिट में ऐसे और कई क्षण रहे, जिनकी चर्चा हो रही है। जैसे मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को गले लगाया। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज की आंख पर लगी चोट को लेकर उनका हालचाल जाना। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव पहुंचे, तो मोदी ने आगे बढ़कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एक दिन पहले शुक्रवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता सुनक ने ब्रिटिश काउंसिल हेडक्वार्टर में एक स्थानीय स्कूल के बच्चों के साथ कुछ वक्त बिताये। उनसे बातचीत की और फुटबॉल भी खेली।




# जी-20 में देश के नाम की पट्टी पर भी 'भारत'

## स्मृति इरानी बोलीं, ये उम्मीद और विश्वास का नया नाम

> ये पहला मौका है जब किसी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की सीट के सामने देश का नाम इंडिया नहीं लिखा गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जी 20 समिट नयी दिल्ली में शुरू हो गयी। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में जब उद्घाटन भाषण दिया, तो जो




तस्वीर सामने आयी उसने सबका ध्यान खींचा। पीएम मोदी के आगे देश का नाम 'भारत' लिखा था। ये पहला मौका है जब किसी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की सीट के सामने देश का नाम इंडिया नहीं लिखा गया है। पिछली जी20 बैठक इंडोनेशिया के बाली में 14 से 16 नवंबर को हुई थी। तब पीएम मोदी के आगे देश का नाम इंडिया ही लिखा था। इस मौके पर स्मृति ईरानी ने पीएम की तस्वीर शेयर करके कहा कि उम्मीद और विश्वास का नाम- भारत।








# दिल्ली में राज्यपालों-मुख्यमंत्रियों की हवाई यात्रा पर प्रतिबंध नहीं

## गहलोत-बघेल की आपत्ति के बाद मंत्रालय ने दी सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन चल रहा है, दुनिया के तमाम बडे. नेताओं का जमावड़ा आज देश की राजधानी में हो रहा है। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने दिल्ली में उनके हैलिकॉप्टर की लैंडिंग की इजाजत नहीं मिलने का दावा किया, जिसको केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली और उसके आसपास राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों की हवाई यात्रा पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि मौजूदा जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों की अपने राज्य के विमान से दिल्ली या इसके आसपास के इलाकों की यात्रा पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, लेकिन निजी चार्टर्ड उड़ानों में यात्रा करने वालों को पूवार्नुमति की आवश्यकता होगी।


गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि गृह मंत्रालय ने राज्य को स्पष्ट किया है कि 8-11 सितंबर 2023 को दिल्ली में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए एक उच्च तकनीक सुरक्षा हवाई कवर तैनात किया गया है, राज्यपालों और राज्य के मुख्यमंत्रियों को उनके राज्य के विमानों पर आवाजाही की अनुमति है।

इससे पहले, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने दिल्ली और उसके आसपास हवाई प्रतिबंधों के कारण 9 सितंबर को दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन में जी20 रात्रिभोज में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की है। गृह मंत्रालय ने आगे कहा कि एक मीडिया रिपोर्ट में राजस्थान के मुख्यमंत्री ने गृह मंत्रालय द्वारा उनके हेलिकॉप्टर उड़ान के लिए मंजूरी देने से इनकार करने का दावा किया है। राजस्थान के सीएम की तरफ से सीकर समेत उड़ान अनुमति के लिए चार अनुरोध प्राप्त हुए थे और सभी को गृह मंत्रालय की तरफ से अनुमोदित किया गया है। सीएम राजस्थान के किसी भी अनुरोध को अस्वीकार नहीं किया गया है, जबकि वाणिज्यिक विमानों की सभी निर्धारित उड़ानों और राज्यपालों और राज्य के मुख्यमंत्रियों को अपने राज्य के विमानों पर आवाजाही की अनुमति है। निजी चार्टर्ड उड़ानों को एमएचए से अनुमति लेना जरूरी होगा।












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**